CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :18°C
न्यूनतम : 08°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 25 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 10 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं: मायावती पेज 2



बांग्लादेश टी-20 विश्वकप से बाहर, उनकी जगह खेलेगा स्कॉटलैंड : आईसीसी खेल टाइम्स



भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका! पेज 11




तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज पेज 11


# युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास: पीएम मोदी

## 18वें रोजगार मेले में प्रधानमंत्री ने 61 हजार से अधिक युवओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक बताते हुए कहा है कि सरकार देश की युवाशक्ति के लिए देश-दुनिया में नए-नए अवसर पैदा करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 18वें रोजगार मेले को संबोधित किया और 61 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत लोगों के जीवन में नई खुशियां लेकर आई और साथ ही नागरिकों को उनके संवैधानिक कर्तव्यों से भी जोड़ा है। उन्होंने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसी दिन संविधान ने 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर 61 हजार से अधिक युवा सरकारी सेवाओं के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त कर जीवन का नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। श्री मोदी ने इन नियुक्ति पत्रों को राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण और विकसित भारत के निर्माण में तेजी लाने का संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि अनेक युवा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, वित्तीय सेवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है।



**प्रधानमंत्री ने कहा: आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर**

## 2047 तक उप्र बनेगा देश को दिशा देने वाला राज्य: शाह

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि आज यह संकल्प लेने का दिन है कि वर्ष 2047 तक घनी आबादी वाला यह प्रदेश एक विकसित राज्य बनकर देश को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि वह देश, दुनिया और प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक उत्तर प्रदेशवासी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वह पावन भूमि है, जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ सहित अनेक युग-प्रवर्तकों की भूमि है।









## चुनौतियों का सामना करने को युवाओं का सशक्त रहना जरूरी: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अनिश्चितता के दौर से गुजर रही दुनिया में देश के युवाओं का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त रहना तथा हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में आयोजित मॉक ड्रिल्स में जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साहसी और समर्पित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया।









## नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी कांग्रेस को शनिवार को बड़ा झटका लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है। इस्तीफे को उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य में कांग्रेस के लिए एक बड़े सियासी झटके के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उन्हें मनाने के लिए उनके आवास पर जा सकते हैं।













## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर बेमिसाल प्रदेश बनने का गौरवपूर्ण सफर तय किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर जारी अपने संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में उत्तर प्रदेश का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने लिखा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में अमूल्य योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

### श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना किन्नर अखाड़ा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले में किन्नर अखाड़ा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। माघ मेले के सेक्टर छह में स्थित किन्नर अखाड़े के शिविर में आए किन्नर संत न केवल कल्पवास कर रहे हैं, बल्कि प्रमुख स्नान पर्वों पर धूमधाम से पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी भी लगा रहे हैं। इसके साथ ही किन्नर अखाड़े में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान अघोर तंत्र साधना भी की जा रही है। किन्नर अखाड़े में हर दिन शाम को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर भीष उमड़ रही है। माघ मेले में किन्नर संतों द्वारा हर दिन कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर और यूपी की प्रदेश अध्यक्ष स्वामी कल्याणी नंद गिरी उर्फ छोटी मां ने देर शाम भगवान श्री कृष्ण की रास लीला का मंचन किया।

# उप्र दिवस पर पांच जिलाधिकारी सम्मानित

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बेहतर प्रदर्शन पर मिला सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जिलों के जिलाधिकारियों को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह में इस पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना का भी शुभारंभ किया। गृह मंत्री के हाथों विग कमांडर शुभांशु शुक्ल को अंतरिक्ष यात्रा,अलख पांडेय को शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन के क्षेत्र में, सुश्री रश्मि आर्य को शिक्षा एवं नवाचार के लिए, डा. हरिओम पंवार को साहित्य तथा डा. सुधांशु सिंह को कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा सीएम युवा योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीएम जौनपुर डा. दिनेश चंद्र,डीएम आजमगढ़ रवींद्र कुमार, डीएम हरदोई अनुनय झा, डीएम अंबेडकरनगर अनुपम शुक्ल और डीएम झांसी मृदुल चौधरी को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग 'उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश' ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश' उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के सांस्कृतिक संगम में अतिथियां ने आनंद की डुबकी लगाई।

# भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है उप्र की धरती :मुर्मू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को मेरी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति की यह धरती भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। मैं इस राज्य के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना भी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे प्रिय प्रवासी बहनों और भाइयों, विदेश में रहकर अपने परिश्रम, प्रतिभा और मूल्यों के माध्यम से आपने उत्तर प्रदेश और भारत का मान वैश्विक मंच पर बढ़ाया है। हमारी सरकार आपके अनुभव और ज्ञान को प्रदेश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आप सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की हृदय से बधाई और मंगलमय शुभकामनाएं। उन्होंने युवाओं से विचार, तकनीक और चरित्र में आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सेना शाखा और भारतीय सेना इंटर्नशिप कार्यक्रम 2025-26 जैसी पहलों का उल्लेख किया।



# जातिगत जनगणना केवल भाजपा का जुमला: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का केवल जुमला है। केंद्र सरकार द्वारा जारी जनगणना की अधिसूचना में जाति का कोई कॉलम ही नहीं है, ऐसे में गिनती किस बात की होगी।

श्री यादव ने शनिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि भाजपा का सीधा फार्मूला है, गिनती होगी और न ही आनुपातिक आरक्षण व अधिकार देने के लिए कोई जनसांख्यिकीय आधार तैयार होगा।ष उन्होंने इसे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के खलिाफ एक सुनियोजित साजशि बताया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा पर भरोसा करने वाले लोग खुद को ठगा हुआ और अपमानित महसूस कर रहे हैं। उनका दावा है कि जो भाजपा कार्यकर्ता और नेता अब तक जातिगत जनगणना कराने का दावा कर रहे थे, वे अब अपने समाज में जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग अब भाजपा के झंडे और प्रतीक हटाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज को अपने मान-सम्मान, आरक्षण और अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब इस मुद्दे पर विरोध तेज होगा तो भाजपा इसे टाइपिंग मिस्टेक बताकर बचने की को. शिश करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है और जनता उसके इरादों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर वचन से मुकरने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वचन-विमुखी शब्द का अर्थ ही भाजपा बन चुका है। उल्लेखनीय है कि संभल में एक हिन्दू महंत की याचिका पर सिविल अदालत ने शाही जामा मस्जिद का 'कमिश्नर एडवोकेट सर्वे' का आदेश पारित किया था।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर इशारा करते हुए बोलीं मायावती

# धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनी. ति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है: पूर्व सीएम

**लखनऊ।** माघ मेला में शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की ओर इशारा करते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धर्म,पर्व आदि में राजनीतिक लोगों को बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं है और इसे लेकर आमजन में दुख और चिंता लाजिमी है।

सुश्री मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनीति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण माघ मेला में स्नान को लेकर उपजा विवाद है जिसमें एक दूसरे का अनादर और आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। देश का संविघान और कानून जनहित के कार्य को ही राष्ट्रीय धर्म मानता है और धर्म को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देता है ताकि जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य का सही ढंग से इस्तेमाल कर सकें।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी किसी भी धर्म के पर्व, त्योहार, पूजापाठ, स्नान आदि में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप एवं प्रभाव पिछले कुछ वर्षों से काफी बढ़ गया है, जो नए-नए विवाद, तनाव व संघर्ष आदि का कारण बन रहा है, यह सही नहीं है तथा इन सबको लेकर लोगों में दुख एवं चिन्ता की लहर स्वाभाविक है। वास्तव में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति तथा राजनीति को धर्म से जोड़ने के कई खतरे हमेशा बने रहते हैं तथा प्रयागराज में स्नान आदि को लेकर चल रहा विवाद, एक-दूसरे का अनादर व आरोप-प्रत्यारोप इसका ताजा उदाहरण है। इससे हर हाल में जरूर बचा जाना ही बेहतर। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि वैसे भी देश का संविधान व क़ानून ईमानदारी से जनहित व जनकल्याणकारी कर्म को ही वास्तविक राष्ट्रीय धर्म मानकर राजनीति को धर्म से तथा धर्म को राजनीति से दूर रखता है, जिस पर सही नीयत व नीति से अमल हो, ताकि राजनेतागण अपना सही संवैधानिक दायित्व, बिना किसी द्वेष व पक्षपात के, सर्वसमाज के सामाजिक, राजनी. तिक व आर्थिक हित में ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभा सकें, वर्तमान हालात में भी लोगों की यही अपेक्षा। सुश्री मायावती ने उत्तर प्रदेश दिवस की सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। ये फसल उत्सव नई शुरुआत, आशा, खुशियां लेकर आएं और आपके जीवन को आनंद और समृद्धि से भर दें।

### केशव मौर्य जैसे समझदार को होना चाहिए मुख्यमंत्री: स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी अहंकारी के बजाय केशव प्रसाद मौर्य जैसे समझदार व्यक्ति को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर ऐसा व्यक्ति नहीं होना चाहिए, जो जिद्दी हो और बदले की भावना से काम करता हो। शंकराचार्य ने श्री मौर्य के उस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने शंकराचार्य से जुड़ी घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि श्री मौर्य समझते हैं कि इस मामले को और नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि वह जानते हैं कि इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मौर्य ने शंकराचार्य से अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की थी।



**सेंसेक्स** 83382.71
**निफ्टी** 25665.60



**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो



# प. बंगाल में बेटियों को जीवन के हर पड़ाव पर सशक्त किया जा रहा : ममता

**नई दिल्ली, वार्ता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बंगाल में बेटियों को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उनके जीवन के हर चरण में सहयोग दिया जाता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुश्री बनर्जी ने बालि. काओं को ष्हमारे समाज की भावी शिल्पकार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मैं बंगाल और पूरे भारत की हर बेटी को अपना स्नेह और आशीर्वाद देती हूं। बंगाल में हम बालिका को केवल एक दिन नहीं मनाते, बल्कि वर्ष के हर दिन और उसके जीवन के हर मोड़ पर उसे सशक्त बनाते हैं।ष सुश्री बनर्जी ने कहा कि राज्य में बालिकाओं के सशक्तिकरण की यात्रा जन्म से शुरू होकर शिक्षा और वयस्कता तक निरंतर चलती है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए चलाई जा रही कई प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने 'कन्याश्री' योजना को वैश्विक स्तर पर सराही गई पहल बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक बालि. काओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, ताकि वे शिक्षा से जुड़ी रहें और बाल विवाह को रोका जा सके। विद्यालय तक पहुंच आसान बनाने के लिए उन्होंने 'सबूज साथी' योजना का जिक्र किया, जिसके तहत छात्रों को साइकिल प्रदान की जाती है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा क्षेत्र की अन्य योजनाओं-शिक्षाश्री, ऐक्यश्री, मेधाश्री और तरुणेर स्वप्न के साथ-साथ निष्शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, जूते और मध्यान्ह भोजन का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गरीबी या संसाधनों की कमी के कारण कोई भी लड़की पढ़ाई बीच में न छोड़ें।

# नोएडा प्राधिकरण के नए सीईओ बने कृष्णा करुणेश

**लखनऊ।** नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश को नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। उन्होंने लोकेश एम की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। इससे पहले कृष्णा करुणेश नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत थे। कृष्णा करुणेश इससे पूर्व गोरखपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। जिलाधिकारी रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने और विकास कार्यों की सख्त निगरानी के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके कार्यकाल के दौरान अनुशासन, त्वरित निर्णय और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया था।

बताया जा रहा है कि यह नियुक्ति ऐसे समय पर की गई है, जब नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत का मामला लगातार सुर्खियों में रहा है। इस प्रकरण को लेकर सिस्टम की लापरवाही, अधिकारियों की जवाबदेही और प्रशासनिक भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संज्ञान लिया था और जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन भी किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नए सीईओ के रूप में कृष्णा करुणेश से नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और विकास कार्यों में सख्ती लाने की अपेक्षा की जा रही है। खासतौर पर बिल्डर प्रोजेक्ट्स, निर्माण स्थलों की सुरक्षा, अधिकारियों की जिम्मेदारी और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों पर उनकी प्राथमिकता रहने की संभावना है।

# चावल , गेहूं, दालें नरम ,चीनी के दाम बढ़े , खाद्य तेलों में घट-बढ़ दर्ज हुई

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट देखी गई। चीनी महंगी हुई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 51 रुपये टूटकर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,839 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा नौ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में भी गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 53 रुपये और उड़द दाल 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल में सात रुपये और मूंग दाल में चार रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 132 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत भी 33 रुपये बढ़ गई। वहीं, मूंगफली तेल 293 रुपये और वनस्पति 37 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 36 रुपये और सोया तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घटी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए जबकि चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे-दाल-दलहन : दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्र 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।खाद्य तेल : सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# बर्फबारी के चलते दूसरे दिन भी कश्मीर का संपर्क कटा , हवाई सेवा बहाल हुई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी के एक दिन बाद शनिवार को पूरी कश्मीर घाटी कड़ाके की ठंड की चपेट में रही और दूसरे दिन लगातार इस क्षेत्र का संपर्क देश के बाकी हिस्सों से कटा रहा। गुरुवार रात शुरू हुई हिमपात और बारिश शुक्रवार रात रुक गई थी लेकिन इसका सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ा। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग अब भी बंद हैं, लेकिन श्रीनगर एयरपोर्ट पर मौसम के कारण अस्थाई रूप से बाधित हुई उडान सेवा आंशिक रूप से दोबारा से शुरू हो गई है।

हवाईअड्डा निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि श्रीनगर एयरपोर्ट पर ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए हैं और दो विमान यहां उतरे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार होते ही परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। इससे पहले दिल्ली हवाई अड्डे पर और खराब मौसम के कारण आज सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट पर कई उड़ानें रद्द भी करनीं पड़ीं थीं।ष हिमपात के आंकड़ों पर नजर डालें, तो प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 1.7 फुट बर्फ दर्ज की गई। इसके अलावा कोक. रनाग और पहलगाम में डेढ़-डेढ़ फुट, बटोत में 1.4 फुट, भद्रवाह में एक फुट, बनिहाल में 0.7 फुट और काजीगुंड में 0.3 फुट हिमपात हुआ। गुरुवार शाम को शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ ने महज दो दिनों में लगभग महीने भर की बारिश के बराबर पानी बरसाया है, जिससे घाटी में लंबे समय से चल रहा सूखे जैसे हालात खत्म हो गए। हिमपात के बाद पूरी घाटी में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि काजीगुंड में यह शून्य से नीचे 4.2 डिग्री रहा। पहलगाम में तापमान गिरकर शून्य से नीचे 7.6 डिग्री, कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 4.0 डिग्री और कोकरनाग में शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गुलमर्ग घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं सोनमर्ग में शून्य से नीचे 10-5 डिग्री रहा। दक्षिण और मध्य कश्मीर के पुलवामा में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री और शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है लेकिन अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड जारी रहने के आसार हैं। 26 और 27 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात हो सकता है।

# एमएसएमई के लिए ज्यादा ऋण, जीएसटी छूट की सीमा बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को ज्यादा ऋण देने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत छूट की सीमा 40 लाख रुपये सालाना से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये करने की मांग की है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने बजट से अपेक्षाओं पर एक प्रेस नोट साझा करते हुए कहा कि पिछले 10-11 साल में काफी प्रगति हुई है। इसके बावजूद, लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के ऋण की कमी है। वर्तमान समय में केवल 16.19 प्रतिशत एमएसएमई तक ही औपचारिक ऋण की पहुंच है, जिसे 2028 तक कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है ताकि षविकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार किया जा सके। उन्होंने मुद्रा योजना के अंतर्गत विशेषकर शिशु श्रेणी में औसत ऋण 37,000 रुपये से बढ़ाने, चार प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी तथा शून्य या न्यूनतम प्रसंस्करण शुल्क लगाने की मांग की। उन्होंने 15 दिन के भीतर जीएसटी रिफंड चक्र लागू करने और विलंबित भुगतान पर 12 प्रतिशत वैधानिक ब्याज सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# जब गणतंत्र दिवस परेड देखने पहुंचे महान मुक्केबाज मोहम्मद अली

**नई दिल्ली, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक दुनिया के कई बड़े नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बन चुके हैं, लेकिन कर्तव्य पथ पर किसी विदेशी मेहमान को वैसा गर्मजोशी भरा स्वागत शायद ही मिला हो जैसा दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता सेनानी नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली को मिला था।

दक्षिण अफ्रीका के गांधीवादी नेता नेल्सन मंडेला 1995 की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि थे। जब तक मंडेला वहां मौजूद रहे, दर्शक लगातार उनका नाम दोहराते रहे। उस दृश्य के गवाह रहे लोग कहते हैं कि राजपथ पर किसी विद. शी राष्ट्राध्यक्ष का ऐसा उत्साहपूर्ण स्वागत पहले कभी नहीं देखा गया था। मंडेला की तरह ही कर्तव्य पथ पर मौजूद विशाल जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया था। वह 1976 की परेड में विशेष अतिथि थे, जब वे अपने करियर के शिखर पर और एक वैश्विक आइकन थे। तब कर्तव्य पथ को ही राजपथ कहा जाता था। साल 2022 में केंद्र सरकार ने राजपथ का नया नाम कर्तव्य पथ कर दिया था। इससे पहले यह मार्ग किग्सवे नाम से जाना जाता था। बॉक्सर मोहम्मद अली परेड शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही अपनी सीट पर बैठे थे। जैसे ही लाउडस्पीकर पर उनके आगमन की घोषणा हुई, हजारों लोगों ने शोर मचाकर उनका अभिवादन किया। उस वर्ष मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह आंखों देखा हाल सुना रहे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे मोहम्मद अली हवा में मुक्का लहराकर अपने प्रशंसकों का जवाब दे रहे थे। जब भी वे ऐसा करते, भीड़ उत्साह से भर जाती। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देखते हुए बार-बार मुस्कुराती नजर आई थीं। उस समय की परेड की तुलना में आज सुरक्षा कारणों से परेड के स्वरूप में भी बदलाव आए हैं। संसद पर 13 दिसम्बर 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद 2002 में पहली बार परेड का मार्ग छोटा किया गया। तब से परेड इंडिया गेट, आईटीओ और दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होती है। इससे परेड का कनॉट प्लेस से गुजरना बंद हो गया, जिससे दिल्लीवासी शहर के दिल कहे जाने वाले इस हिस्से से परेड देखने के आनंद से वंचित हो गए।


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. मुस्तकीम अब्बासी
(वार्ड सभासद नई बस्ती कस्बा भोकरहेड़ी, मुजफ्फरनगर)


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. चौ. उदयवीर सिंह (संस्थापक)
विराज तोमर (प्रबंधक)
इन्द्रपाल पब्लिक स्कूल, शुकतीर्थ मार्ग मोरना, मु.नगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अमित ठाकरान
रालोद विधानसभा अध्यक्ष मीरांपुर
मोरना, मु.नगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अंजुम अली
(ग्राम प्रधान)
गांव नंगला बुजुर्ग (नया गांव)
ब्लॉक मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कैप्टन
प्रवीण कुमार चौधरी
(प्रधानाचार्य)
इंटर कॉलेज, भोकरहेड़ी, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
एड. सहदेव सिंह
उर्फ मोनू प्रधान
गांव वज़ीराबाद, ब्लॉक मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार पंवार
(प्रबंधक) B.A., B.Com
स्वामी कल्याण देव ओमानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज
बेहड़ा, सादात, मोरना, जानसठ मार्ग-मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित राठी
(क्षेत्रीय मंत्री, किसान मोर्चा भाजपा)
शुकदेव सिटी, शुकतीर्थ, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महकपाल सिंह
पूर्व प्रधान मोरना
निवास शुकतीर्थ मार्ग मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
तरुण कुमार धीमान
(ग्राम प्रधान प्रतिनिधि)
गांव भोपा, ब्लॉक मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार
उर्फ बिन्नू राठी, रालोद नेता
गांव करहेड़ा
ब्लॉक मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामबीर सिंह
पूर्व सभासद मोहल्ला बाजार
कस्बा भोकरहेड़ी, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. साजिद (ग्राम प्रधान)
ग्राम जौली, ब्लॉक मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जान मौहम्मद
उर्फ मोनू (पूर्व प्रधान)
गांव नंगला बुजुर्ग (नया गांव)
ब्लॉक मोरना, मुजफ्फरनगर



सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार डाबर (अध्यक्ष)
मुजफ्फरनगर ईंट निर्माता समिति (रजि.)
मौ. शमशाद (महामंत्री)

# स्वामी आनन्दवेश महाराज के निधन से तीर्थ नगरी मे शोक

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के संस्थापक आचार्य स्वामी आनंद देश महाराज का शनिवार की सुबह 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया उनके निधन से तीर्थ नगरी में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके अंतिम संस्कार मे बड़ी संख्या मे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

शुकतीर्थ के प्रसिद्ध गुरुकुल संस्कृत महाविद्याल के संस्थापक आचार्य स्वामी आनन्दवेश महाराज (नेष्ठिक बलदेव) पिछले दस दिनों से लगातार बीमार चल रहे थे। की शनिवार की सुबह सवेरे उनका परलोक गमन हो गया। वरिष्ठ शिष्य आचार्य देवपाल शास्त्री महाराज ने जानकारी देकर बताया की स्वामी आनन्दवेश महाराज जिन्हे नेष्ठिक बलदेव के नाम से भी जाना जाता है ने 1970 मे शुकतीर्थ में गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की थी। इसके पूर्व वह 1964 मे शुकतीर्थ आये थे तथा वैदिक योग आश्रम की स्थापना की जो छ:वर्ष बाद गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के रूप मे स्थापित हुआ। स्वामी आनन्दवेश ने क्षेत्र के गांव बसेड़ा मे चौधरी पदम् सिंह के बागीचे मे कठिन ध्यान योग साधना की।स्वामी आनन्दवेश मूलरूप से हरियाणा के जनपद के जिला सोनीपत के ब्लॉक् खरखोदा के गांव कवाली के मूल निवासी थे। मंडोरा कॉलिज से मैट्रिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह स्वामी आत्मानन्द महाराज के शिष्य बनकर वैदिक शिक्षा प्राप्त की तथा समाज सेवा मे जुट गये 1957 मे हिन्दी सत्याग्रह आंदोलन मे छ:माह के लिए फिरोजपुर जेल मे रहे। इसके अलावा गौ रक्षा आंदोलन मे साकिर्य रूप से भाग लिया। हिन्दी सत्याग्रह आंदोलन मे जेल जाने व साकिर्य रूप से भाग लेने पर हरियाणा राज्य सरकार ने 2019 मे क्रन्तिकारी घोषित किया तथा दस हज़ार की मासिक पेंशन प्रदान की।

स्वामी आनन्दवेश महाराज ने वैदिक शिक्षाओं व आर्य समाज का प्रचार प्रसार किया जिसपर उन्होंने



सेंकड़ो पुस्तकों को लिखा। जिनमे प्रमुख रूप से योग विज्ञान, भारतीय संस्कृति एवं यज्योंपवित, ब्रह्मचर्य संदेश, मृत्यु व श्रद्धांजलि,संस्कृति संदेश पत्रिका, नारी संदेश प्रमुख हैं।ब्रह्मलीन स्वामी आनन्दवेश महाराज ने हरिद्वार, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल आदि स्थानों पर आश्रम की स्थापना की। उनके हज़ारो शिष्य आज देश विदेश मे वैदिक शिक्षा का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उनके प्रमुख शिष्यों मे देवपाल शास्त्री के अलावा राजवीर ब्रह्मचारी, चन्द्रदेव ब्रह्मचारी, कमलदेव ब्रह्मचारी हैं। उनके पिता चौधरी मांगेराम माता प्रेमो देवी थी भाइयों मे चौ. चंदन सिंह, चौ. बलवीर सिंह, चौ. सूरजमल,आचार्य इन्द्रपाल सिंह हैं।स्वामी ओमानन्द महाराज, महामंडलेश्वर केशवानन्द महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, स्वामी विज्ञानंद महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,पंडित मनोहर शर्मा,स्वामी गीतानन्द महाराज, स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज ने ब्रह्मालीन स्वामी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वहीं विनोद शर्मा, प्रेम शंकर मिश्रा, साध्वी कांता,आचार्य गिरीशचंद उप्रेती, मा. सत्यवीर सिंह डॉ. महकार सिंह, रामकुमार शर्मा, प्रदीप निर्वाल, राजेंद्र दास, मोनू राणा, देवपाल आर्य, सुरेन्द्र प्रधान,सतीश चौयरमैन आदि उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**भोपा।** शामली जनपद के गांव लहरीपुर निवासी सर्वेश, विकास व जनपद के ही गांव उमरपुर निवासी रिश्तेदार पंकज तीनों बाइक पर सवार होकर शुक्रताल खादर क्षेत्र में अपनी कृषि भूमि में काम करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह भोपा के पास गांव रहकड़ा पुलिया के पास पहुंचे तभी तेज गति से आ रहे कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये।पुलिस की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी भोपा पहुँचाया। गंभीर हालत के चलते तीनो को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था। पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दी।

## समाधान दिवस में एसपी सिटी ने सुनी समस्याएं

**छपार।** थाने पर लगे समाधान दिवस में पहुंचे एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी ओर अधिनस्थों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

शनिवार को थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एसपी सिटी ने सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा के साथ समस्याएं सुनी ओर घंटों तक थाने के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। क्षेत्र के गांव घुमावटी व छपार से भूमि संबंधी विवाद थाने पर आये उनके बारे में राजस्व विभाग व पुलिस को मौके पर जाकर समस्या के समाधान करने के निर्देश दिये। चकबंदी विभाग से मनोज कुमार, रविन्द्र कुमार, राजकिशोर त्यागी कानूनगो,सियानंद, रवि चक्रवर्ती आदि लेखपाल मौजूद रहे।

## जौला में कांग्रेसियों ने लगाई मनरेगा बचाओ चौपाल



**बुढ़ाना।** गांव जौला में शनिवार को सैंकडों कांग्रेसियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष सत्यपाल कटारिया के नेतृत्व में कांग्रेसी इकबाल ठेकेदार के यहां मनरेगा बचाओ चौपाल लगाकर मजदूरों को जागरुक किया। कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर गांव जौला में मनरेगा बचाओ महासंग्राम की चौपाल आयोजित हुई। इसमे केंद्र के नए कानून से रोजगार छीनने की साजिश बताई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सत्यपाल कटारिया ने कहा मनरेगा को खत्म कर जो जीवी रामजी कानून भाजपा द्वारा लाया गया वो ग्रामों की खुशहाली व ग्राम विकास हेतू दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार ने मनरेगा खत्म कर नया कानून लाकर ग्रामों के विकास हेतू चयन का अधिकार सरकार को दे दिया। जिन ग्रामों में सरकार चाहेगी उन्हीं में विकास होगा। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डाक्टर मुर्तजा सलमानी ने कहा भाजपा ने मजदूरों को पलायन करने पर मजबूर कर दिया। कांग्रेस ने मजदूरी बढ़ाने व साल के 100 दिन की जगह 120 दिन की गारंटी की मांग की थी। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हकीम जफर महमूद व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा ने कहा कि हम मजदूरों को सरकार के इस नये कानून के बारे में बता रहे हैं कि वे मजदूरों को भी नहीं बख्श रही। यहां राशिद चौधरी, नीरज, एडवोकेट आशुतोष शर्मा, मजहर अब्बास, ब्रह्मपाल कश्यप, नईम, लोकेंद्र असारा, फारुख, फतेह मोहम्मद, अफजाल, गुलजार, आकिल राणा व सलीम मुखिया सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने छात्राओं को ठगों से बचने को दिए टिप्स



**बुढ़ाना।** पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक किया। छात्र-छात्राओं को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, सुरक्षा उपायों एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार भारद्वाज शिक्षा सदन इंटर कालेज बुढ़ाना में शनिवार को बुढ़ाना कोतवाली में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह पहुंचे। जहां पर उन्होंने छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम से सचेत रहने को कहा। उन्होंने बढ़ते साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए इसके बारे मे छात्राओं को अवगत कराया। साइबर ठगी के लिए ठग किन किन तरीको का प्रयोग करते है इसकी भी महत्वपूर्ण जानकारी दी और ठगी का शिकार होने पर कहां संपर्क करें इससे सम्बंधित महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर और लिंक भी शेयर किये। उन्होंने मोबाईल के सही उपयोग और ऑनलाइन ठगी से सचेत रहने की बात कही। उन्होंने महिला सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, फायर ब्रिगेड 101 तथा एंबुलेंस सेवा 102 एवं 108 पर संपर्क किया जा सकता है। यहां पर महिला पुलिस कांस्टेबल संध्या, शशांक भारद्वाज, वर्षा शर्मा और पूनम आदि स्टाफ भी मौजूद रहा।

## शार्प शूटिंग एकेडमी में गौरव स्वरूप ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर।**आज शार्प शूटिंग अकादमी मुजफ्फरनगर के द्वारा जिले में चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों को खेल के प्रति जागरूकता एवं उत्साह वर्धन करने के लिए कराया गया

आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गौरव स्वरूप वह विशिष्ट अतिथि कृष्णपाल राठी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अलग-अलग राज्यों से खिलाड़ी पहुंचे एवं कुछ खिलाड़ियों की टीम जैसे भारतीय सेना उत्तर प्रदेश पुलिस एवं अलग-अलग सर्विसेज की टीम भाग लेने के लिए उपस्थित हुए आयोजक रोहन राठी के द्वारा बताया गया 10 मी एयर पिस्टल एवं एयर राइफल शूटिंग के द्वारा खिलाड़ियों केंद्र सरकार व राज्य सरकार के अलग-अलग नौकरियों में प्रवेश कर योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं वह अपने गांव और शहर का नाम पूरे देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोशन कर रहे हैं

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आईटीआई में हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सर्कुलर रोड, में भव्य जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान, अपराध नियंत्रण व सुदृढ कानून/सुरक्षा व्यवस्था में प्रयोगार्थ आधुनिक शस्त्रों का प्रदर्शन, सडक एवं यातायात सुरक्षा तथा साइबर जागरूकता से संबंधित विशेष स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से आमजन को सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं डिजिटल सतर्कता के विषय में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिकारियों द्वारा स्टॉलों का निरीक्षण किया गया तथा आमजन से संवाद कर पुलिस की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव एवं कानून व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं।

इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर जागरूकता स्टॉल के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल लेन-देन में सावधानी जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही आधुनिक शस्त्रों का प्रदर्शन के माध्यम से पुलिस की सशक्त तैयारी एवं आपात स्थितियों से निपटने की क्षमता को प्रदर्शित किया गया। यातायात पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु स्टॉल लगाया गया जिसमैं आमजन को यातायात नियमों के विषय में तथा सडक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न संकेतकों व नियमों के विषय में जागरूक किया गया।

इसके उपरांत अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं आमजन द्वारा सभागार कक्ष में गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के संदेश को ध्यानपूर्वक देखा एवं सुना गया, जिसमें प्रदेश की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा इस आयोजन के माध्यम से समाज में सुरक्षा, सजगता एवं सहभागिता की भावना को सुदृढ करने का सफल प्रयास किया गया, जिसे उपस्थित नागरिकों द्वारा सराहना प्राप्त हुई।

## दहेज कम दें, बेटियों को शिक्षा जरूर दिलाएं : इकरा हसन

**खतौली।** कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने कहा कि अभिभावक बेटियों की शादी में दहेज कम दें, लेकिन उन्हें शिक्षित अवश्य बनाएं। शिक्षित बेटी न केवल अपने पैरों पर खड़ी होती है, बल्कि परिवार और समाज की प्रगति का आधार भी बनती है। वह शनिवार को बुढ़ाना रोड स्थित वेंकट हॉल में इस्लामिक गर्ल्स एकेडमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। सांसद इकरा हसन ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे तो देशभक्ति के प्रमाण मांगने वालों को भी सवाल करने का मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर देती है। आज वह जिस मुकाम पर हैं, वह शिक्षा की बदौलत ही संभव हो पाया है। केवल पारिवारिक विरासत ही सब कुछ नहीं होती, उसे आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा है। उन्होंने मुस्लिम समाज में शिक्षा की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि इसी कारण समाज कई सरकारी योजनाओं में पिछड़ा हुआ है। अभिभावक अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दिलाएं, ताकि वे आगे चलकर डॉक्टर, शिक्षक, आईएएस-आईपीएस जैसे पदों तक पहुंच सकें और परिवार का नाम रोशन करें। उनके पिता मरहूम मन्नवर हसन का खतौली के लोगों से विशेष लगाव था।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स एरिस्टोक्राफ्ट पेपर प्राईवेट लि. फैक्ट्री स्थित मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, ने खसरा नं0 1829 कुल क्षेत्रफल 0.4100 है0 स्थित ग्राम जडौदा परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर की भूमि को विक्रय पत्र पंजीकृत संख्या 9764 दिनांक 23/08/2011 कार्यालय सब रजिस्ट्रार सदर जिला मुजफ्फरनगर को श्रीमति हमीदा बानो पत्नी उस्मान खांन निवासी ग्राम माण्डी परगना बघरा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर से क्रय की है। उक्त सम्पत्ति की पुरानी चैन से सम्बन्धित पुराना मूल पंजीकृत विलेख जो उपरोक्त श्रीमति हमीदा बानो पत्नी उस्मान खांन ने अनील कुमार गर्ग पुत्र भोलूराम व राहुल अग्रवाल पुत्र सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी मु.नगर परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर से विकय पत्र जो दिनांक 15/06/1992 को बही नम्बर 01 जिल्द संख्या 439 पृष्ठ संख्या 387/398 क्रमांक 4732 को कार्यालय सब रजिस्ट्रार सदर जिला मुजफ्फरनगर में पजीकृत है से क्रय की थी। उक्त मूल विक्रय पत्र क्रमांक 4732 दिनांकित 15/06/1992 रोबिन करानिया पुत्र वेद सिंह करानिया निवासी अरिहन्त विहार, शान्तिनगर मुजफ्फरनगर से दिनांक 20/01/2026 को रास्ते में कहीं गिर गया है उक्त मूल अभिलेख रोबिन करानिया पुत्र वेद सिंह करानिया को काफी तलाश करने पर भी कही नहीं मिला है।

राजेश कुमार जैन पुत्र आदीश कुमार जैन बहैसियत डायरेक्टर मैसर्स एरिस्टोक्राफ्ट पेपर प्राईवेट लि. उक्त सम्पत्ति को पंजाब नेशनल बैंक शाखा एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहते है। यदि किसी भी बैक / वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी भी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से उक्त सम्पत्ति बंधक करने में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर सहायक महाप्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक शाखा एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर, को पंजीकृत पत्र के द्वारा सूचित कर दे, उक्त अवधि व्यतित होने पर बैंक द्वारा उक्त सम्पत्ति बंधक कर ली जाएगी उसके पश्चात किसी की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
मोहित कुमार, चीफ मेनेजर
पंजाब नेशनल बैक
शाखा एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर
मो0-9572440855

## दूजी बार निर्वाचित एलडीबी अध्यक्ष ने वरिष्ठ भाजपाईयों से की मुलाकात



**बुढ़ाना।** समूचे मुजफ्फरनगर जनपद के विकास पुरूष के नाम से जानें जाने वाले मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर संजीव बालियान, बुढ़ाना विधानसभा के पूर्व विधायक उमेश मलिक और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी से उनके आवास पर पहुंचकर निर्विरोध भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन बन जाने पर विनोद सैनी ने भाजपा नेताओं का आभार जताया और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी, गन्ना समिति बुढाना के चेयरमैन निर्भय सहरावत, भाजपा बुढ़ाना मण्डल महामंत्री और पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, बुढ़ाना भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, मनोज सैनी, विकास त्यागी प्रधान अलीपुर अटेरना, ऑल इंडिया सैनी सभा के जिला अध्यक्ष ओम सिंह सैनी, शोरम भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, राजबीर कश्यप ठेकेदार अलीपुर अटेरना और उधम सिंह बिटावदा आदि भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। दूसरी और भूमि विकास बुढ़ाना के नये अध्यक्ष विनोद सैनी को बीते दिन निर्वाचन पत्र सौंपा गया। संभवत विनोद सैनी सोमवार के दिन अपना कार्यकाल संभाल लेंगे। उनके घर पर पहुंचकर उनके शुभचिंतक उन्हें जीत की बधाई दे रहे हैं।

### सूचना

मेरी वर्ष 2022 की हाईस्कूल मार्कशीट जिसमें जय हिंद इंटर कॉलेज चरथावल में मेरा रोल नंबर 1220486371 है वास्तव में कही खो गई है। जिसकी मुझे वास्तव में आवश्यकता है।

**MOhd.Asif (मो.आसिफ) पुत्र शहजाद (Shahjaad) माता (शाहजहा) (Shahjahan) निवासी शेखजादगान गर्बी चरथावल (मु.नगर)**

### सार्वजनिक सूचना

मेरी पत्नी कविता से मेरी न्यायालय के आदेश से तलाक हो गई थी। कविता से उत्पन्न दोनों बच्चों भूपेन्द्र कुमार एवं शिवम राणा भी न्यायालय के आदेश से कविता के पास रह गये थे। अब कविता व उसके दोनों बच्चे मेरे साथ लडाई झगडा व मारपीट करते है। इससे दुखी होकर मैने अपनी कुल चल-अचल सम्पत्ति की वसीयत अपने भांजे के नाम कर दी है। मेरा कविता, भूपेन्द्र कुमार व शिवम राणा से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही है।

**रामफल सिंह पुत्र स्व.किशन सिंह निवासी ग्राम कुतुबपुर दताना थाना बुढाना जिला-मुजफ्फरनगर मो.न-8273555409**

### सूचना

मेरी यू.पी.बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220500278 का मूल अंक पत्र/सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। इसका किसी अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा।

**माहीन पुत्री मौ.नौशाद निवासी म.न.-1004/5 रहमतनगर मुजफ्फरनगर।**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र प्रिन्स कुमार मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। किसी लडकी के प्रेम प्रसग में पड़कर गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने प्रिन्स से सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रनवीरा पुत्र अतरा निवासी- ग्राम कसेरवा, थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर**

# भूमि विकास बैंक चुनाव के बाद भाजपा में घमासान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भूमि विकास बैंक के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी के भीतर अंतर्कलह खुलकर सामने आ गई है। पार्टी कार्यकर्ता सत्येंद्र ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी के निर्णयों पर सवाल खड़े करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने खतौली से निर्वाचित प्रत्याशी को गैर-भाजपाई बताते हुए एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की है, जिसमें विजयी प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ नजर आ रहे हैं।



कार्यकर्ता सत्येंद्र का आरोप है कि भूमि विकास बैंक खतौली से ऋषिपाल भाटी को भाजपा के बड़े पदाधिकारियों ने जिताया है। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान पार्टी की कोर कमेटी को गुमराह कर हस्ताक्षर कराए गए। सत्येंद्र ने यह भी आरोप लगाया कि जिलाध्यक्ष ने सपा से जुड़े बताए जा रहे ऋषिपाल भाटी के साथ-साथ मुजफ्फरनगर भूमि विकास बैंक से निर्वाचित प्रमोद राठी को भी समर्थन दिया। सत्येंद्र के अनुसार, प्रमोद राठी पूर्व में मुजफ्फरनगर नगर पालिका का चुनाव बसपा के सिंबल पर लड़ चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के सक्रिय सदस्य भी नहीं हैं। उन्होंने मांग की कि यदि ऋषिपाल भाटी और प्रमोद राठी भाजपा की सक्रिय सदस्य सूची में शामिल हैं, तो उनके नाम और सक्रिय सदस्य संख्या सार्वजनिक की जाए, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। अपने बयान में सत्येंद्र ने कहा कि वे लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए हैं और अयोध्या में राम मंदिर कार सेवा में भी सहभागिता कर चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जब सुधीर सैनी खतौली विधानसभा चुनाव लड़े थे, तब वे उनके बूथ एजेंट के रूप में कार्य कर चुके हैं, लेकिन अब उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है।सत्येंद्र ने अपने आरोपों के समर्थन में एक फोटो भी जारी की है, जिसमें भूमि विकास बैंक चुनाव में विजयी बताए जा रहे ऋषिपाल भाटी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने इस फोटो को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष से मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक रूप से जवाब देने की मांग की है। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग भी उठाई है। भूमि विकास बैंक चुनाव के बाद सामने आए इन आरोपों से स्थानीय भाजपा संगठन में हलचल मची हुई है और पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर उजागर होता नजर आ रहा है।

# अन्तरजनपदीय दोपहिया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

**मंसूरपुर (मुजफ्फरनगर।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मंसूरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना मंसूरपुर पुलिस ने अन्तरजनपदीय स्तर पर सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 05 चोरी की मोटरसाइकिलें, 02 अवैध तमंचे (315 बोर) व 03 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर श्री संजय कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में की गई। अभियान को पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी खतौली के नेतृत्व में अंजाम दिया गया।

**ऑपरेशन सील के तहत हुई कार्रवाई**

दिनांक 23 जनवरी 2026 की रात्रि को चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान 'ऑपरेशन सील' के तहत थाना मंसूरपुर पुलिस चौकी बेगराजपुर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हाईवे-58 स्थित बंद पड़ी पालीवाल फैक्ट्री की बाउंड्री के



अंदर दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते पाए गए।

तलाशी लेने पर दोनों के पास से अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद किए गए।कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने अन्तरजनपदीय स्तर पर मोटरसाइकिल चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की। अभियुक्तों की निशानदेही पर फैक्ट्री परिसर के पास छिपाकर रखी गई करीब आधा दर्जन चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद कर ली गईं।

**पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे मेरठ व आसपास के जनपदों से मोटरसाइकिलें चोरी कर उन्हें सुनसान स्थानों पर छिपा देते थे।

बाद में इंजन व चेसिस नंबर मिटाकर स्क्रैप व स्पेयर पार्ट्स की दुकानों पर बेच देते थे।पुलिस की सतर्कता से गिरोह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले ही पकड़ा गया।गिरफ्तार अभियुक्तसोनू पुत्र कमल सिंहनिवासी ग्राम सिखेड़ा, थाना पिलखुआ, जनपद हापुड़ बरामद, 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस) आदि बरामद हुए।

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड सहारनपुर।

पत्रांक :- 1284 /ल0सिं0/लेखा/निविदा-तालाब/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/2025-26 दिनांक 19.01.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना 32/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड, सहारनपुर द्वारा मनरेगा अर्न्तगत जनपद-मुजफ्फरनगर में तालाब जीर्णोद्धार कार्य के लिये निम्नलिखित कार्य स्थलों पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 27.01..2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 02.02.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे तक ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेन्शियल बिड, की निविदा आमंत्रित की जाती है। प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 02.02.2026 को अपरान्ह 01.30 बजे अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई, वृत्त मेरठ के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोली जायेगी एवं प्री-क्वालीफिकेशन तकनीकी बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। उक्त दिवस मे कार्यालय अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| क0 सं0 | निविदा क्रमांक | जनपद का नाम | विकास खण्ड का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टे0 चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ई-32-1/25-26 | मुजफ्फरनगर | खतौली | सठेडी | 301, 303 | 02 माह | 19.37 | 1.94 | 854.00 |
| 2 | ई-32-2/25-26 | मुजफ्फरनगर | खतौली | मंसूरपुर | 1037 | 02 माह | 8.48 | 0.85 | 854.00 |
| 3 | ई-32-3/25-26 | मुजफ्फरनगर | खतौली | मन्नवरपुर कलां | 307 | 02 माह | 6.80 | 0.68 | 854.00 |
| 4 | ई-32-4/25-26 | मुजफ्फरनगर | चरथावल | अलीपुरा | 185 | 02 माह | 13.64 | 1.37 | 854.00 |
| 5 | ई-32-5/25-26 | मुजफ्फरनगर | शाहपुर | खेडी सूडियान | 175 | 02 माह | 20.40 | 2.04 | 854.00 |
| 6 | ई-32-6/25-26 | मुजफ्फरनगर | बघरा | लडवा | 1259 | 02 माह | 10.07 | 1.01 | 854.00 |
| 7 | ई-32-7/25-26 | मुजफ्फरनगर | बघरा | पीपलहेडा | 143 | 02 माह | 21.63 | 2.17 | 854.00 |
| 8 | ई-32-8/25-26 | मुजफ्फरनगर | बुढाना | जैतपुर | 557/1, 557/2 | 02 माह | 3.76 | 0.38 | 854.00 |
| 9 | ई-32-9/25-26 | मुजफ्फरनगर | बुढाना | हबीबपुर सीकरी | 182 | 02 माह | 4.70 | 0.47 | 854.00 |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://upgov.nic.in सूचना विभाग की बेवसाइट http://information.up.nic.in एवं ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical evaluation Will be done offline. E-envelope /sealed envelope of financial bid will be opened only for those tenderer who will qualify the technical bid.

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड
सहारनपुर।

UPID-244511, DATE-23/01/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

### सम्बन्ध विच्छेद

में विजयपाल सिंह पुत्र श्री श्यामसिंह व मेरी पत्नि श्रीमति सर्वेश पत्नि विजयपाल निवासीगण ग्राम सदरुद्दीननगर, तहसील बुढ़ाना, थाना भोराकला, जिला मुजफ्फरनगर के निवासी हैं। हमारा पुत्र विक्रांत व पुत्रवधु प्रिया पत्नि विक्रांत हमारे कहने सुनने में नहीं हैं। जिस काम से इन्हें मना करते हैं उसी काम को जोर देकर करते हैं। जिससे हम और हमारा परिवार काफी तंग व परेशान है। इसलिए अब हम अपने पुत्र विक्रांत और पुत्रवधू प्रिया को अपनी सभी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। अब विक्रांत व उसकी पत्नि प्रिया अपने द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्यों के खुद ही जिम्मेदार होंगे हमारी या परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

### सूचना

मैंने अपना नाम As muhammad से बदलकर Aas Mauhammad रख लिया है भविष्य मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए

पता Aas Mauhammad s/o Rafeek vill jeewna muzaffarnagar uttar pradesh PIN 251203

### सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता सम्पत्ति मकान अलमासपुर बाहर हदूद मुजफ्फरनगर जो कि जुज खसरा नं0 118म पर बना है, जो कि दुर्गेश कुमार पुत्र श्री रोशन लाल ने द्वारा बैनामा वैनामा 19335 दि. 01.09.2025 श्रीमति सुखविरी देवी पत्नी श्री सुरेश कश्यप से खरीदा था, की चेन में पुराना असली बैनामा 9033 दि. 07.09.2009 व उससे पुराना असली बैनामा सं. 5388 दि. 09.05.2008 वास्तव में कही खोए हुए हैं, वर्तमान स्वामी दुर्गेश कुमार पुत्र श्री रोशन लाल लिए जाने वाले गृह ऋण के लिए उक्त सम्पत्ति को पी.एन.बी. "E-OBC" नई मण्डी मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहते हैं। यदि उक्त मूल बैनामें वगैरा किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाएगी, उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्रीमति प्रीति, शाखा प्रबंधक पी.एन.बी. "E-OBC" नई मण्डी मुजफ्फरनगर मो. नं० 9899670529**

**प्रवीण कुमार शर्मा, एडवोकेट डी1-26/27 कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड मुजफ्फरनगर मो. नं० 9897661075**

# बार काउंसिल चुनाव: शाहनवाज राना ने खतौली में झोंकी ताकत

## कहा-युवा वकीलों को मानदेय, वरिष्ठों को पेंशन और पश्चिम यूपी में हाईकोर्ट बेंच के लिए करूंगा मजबूती से काम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। तीसरे चरण के तहत 27 और 28 जनवरी को होने वाले मतदान से पहले सदस्य पद के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक शाहनवाज राना ने खतौली बार संघ में पहुंचकर अधिवक्ताओं से संवाद किया और अपने पक्ष में प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की।

बैठक को संबोधित करते हुए शाहनवाज राना ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से अधिवक्ताओं की संख्या अधिक होने के बावजूद बार काउंसिल में उनका प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके प्रयासों से अधिवक्ताओं की मृत्यु पर मिलने वाली सहायता राशि तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कराई गई थी। इस बार निर्वाचित होने पर इस सहायता राशि को दस लाख रुपये तक बढ़ाने का उनका लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि युवा अधिवक्ताओं को आर्थिक संबल देने के लिए सेलरी/मानदेय की व्यवस्था, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना, तथा एमएलसी चुनाव में अधिवक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए वे लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के मुद्दे पर मजबूती से आवाज उठाने का भरोसा दिलाया। शाहनवाज राना ने कहा कि अधिवक्ताओं का वास्तविक हित तभी संभव है, जब पश्चिम उत्तर प्रदेश से अधिकाधिक प्रतिनिधि बार काउंसिल में पहुंचें।



उन्होंने खतौली बार संघ के विकास के लिए कई योजनाएं लागू करने की बात कही और यह भी कहा कि अधिवक्ताओं के लिए उनके घर के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं, सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं ने शाहनवाज राना को समर्थन देने और रिकॉर्ड मतों से जिताने का आश्वासन दिया।

इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं पूर्व जिला बार संघ पदाधिकारियों ने क्रम संख्या 266 पर प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की। बैठक में बार संघ अध्यक्ष नवीन उपाध्याय, महासचिव प्रदीप कुमार, जगदीश आर्य, सचिन आर्य, सुलेमान खान, मोहम्मद अरशद, सरदार जितेंद्र, शकुंतला, चतरपाल, नवाब सिंह, सावन कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची में किए गए सुधार

**मीरापुर।** नगर पंचायत मीरापुर के प्रांगण में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के चलते लगभग 150 लोगो के की आपत्तियों का निस्तारण किया गया।

नायब तहसीलदार अजय कुमार तथा खंड शिक्षा अधिकारी राकेश गौर की देखरेख में मतदाताओं की आपत्तियों का निस्तारण किया गया। शनिवार को बूथ संख्या 281 व 282 तथा बूथ संख्या 272, 291 से 296 तक के मतदाताओं की आपत्तियों का निस्तारण उनके वैद्य दस्तावेज देखकर किया गया। इस दौरान 150 मतदाताओं को प्रमाण पत्र पाये गये जिनका अवलोन कर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदता सूची में शामिल किया गया। इस मौके पर बीएलओ कविता रानी, संजीव मलिक, आरिफ, मनोज कुमार तथा नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार अजय कुमार ने बताया कि एसआईआर का कार्य 8 फरवरी तक नगर पंचायत कार्यालय में प्रतिदिन चलता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बार काउंसिल चुनाव का मामला....
### कक्ष में एक साथ दो वोटर ही रहेंगे: जायसवाल

**बुढ़ाना।** बार काउघन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव इस समय पूरे उफान पर है। इस चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सिविल जज के द्वारा एडवाइजरी भी जारी कर दी गयी है। चुनाव को लेकर वोटर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उनको चुनाव लड़ रहे काफी उम्मीदवार पूछ रहे हैं। कोई फोन पर अधिवक्ताओं से अपने लिए समर्थन मांग रहा है तो कुछ उम्मीदवार अधिवक्ताओं के पास जाकर सहयोग मांग रहे हैं। बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में बुढ़ाना बार एसोसिएशन से जुड़े हुए कुल 118 अधिवक्ता ही अपने मताघ्धिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सिविल जज बुढ़ाना निर्वाचन अधिकारी राहुल जायसवाल ने बताया कि मतदान दो चरणों में आगामी 27 जनवरी और अगले दिन 28 जनवरी को होगा। मतदाता सूची 2025-26 के अनुसार बार एसोसिएशन बुढाना के 118 मतदाता अपने मताघ्धिकार का प्रयोग कर सकेंगे। फोटो वाली वोटर लिस्ट बार एसोसिएशन के नोटिस बोर्ड भी चस्पा कर दी जाएगी। कुल मिलाकर बार काऊंसिल आफ उत्तर प्रदेश का चुनाव इस समय पूरे उफान पर है।

### निर्वाचन अधिकारी ने दिए दिशा निर्देश......

**बुढ़ाना।** निर्वाचन अधिकारी सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट बुढाना राहुल जयसवाल ने 27 और 28 जनवरी को सम्पन्न होने जा रहे बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव के सम्बन्ध में जो सामान्य दिशा निर्देश जारी किए हैं उनमें मतदान के दौरान कोई भी मतदाता अस्त्र शस्त्र अथवा मोबाईल फोन या अन्य इलैक्ट्रानिक गैजेट जिससे फोटो खींची जा सके लेकर मतदान स्थल पर उपस्थित ना हों। मतदाता स्थल पर केवल उन्हीं मतदाताओं का प्रवेश होगा जिनका नाम मतदाता सूची में होगा। पहचान के लिए सीओपी बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत परिचय पत्र अनिवार्य रूप से देखा जायेगा। चुनाव के लिए दो पोलिंग बूथ न्यायालय कक्ष में बनाये गये है। सर्वप्रथम जांचकर्ता द्वारा पहचान जांच करने के उपरांत मलदातास्थल पर प्रवेश दिया जायेगा। मतदाता स्थल पर ज्यादा भीड होने पर एक बार में 5-6 मतदाताओं को प्रवेश दिया जायेगा। उसके उपरांत कक्ष में एक बार में दो मतदाताओं को प्रवेश दिया जायेगा। पोलिंग ऑफिसर प्रथम द्वारा मतदाता की जांच कर सूची पर हस्ताक्षर कराया जायेगा। पोलिंग ऑफिसर द्वितीय द्वारा पहचान पत्र देखने के उपरांत बैलेट पेपर निर्गत किया जायेगा। मतदाता द्वारा मत देने के उपरांत लिफाफे में डालकर बैलेट वरिष्ठ पोलिंग ऑफिसर को दिया जायेगा जो उनके द्वारा एकत्र कर बॉक्स में रखा जायेगा। समय समाप्त होने के उपरांत एकत्रित लिफाफों को बड़े लिफाफे में सील कर नजारत में रखा जायेगा।

### रामराज थाना परिसर में रविदास जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक

**रामराज।** आगामी संत रविदास जयंती के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना रामराज प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों, समाजसेवियों एवं आयोजकों ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि संत रविदास जयंती को आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जयंती का जुलूस एवं कार्यक्रम प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट पर ही निकाला जाएगा तथा इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन बिना अनुमति के नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हुड़दंग करता है, माहौल खराब करने की कोशिश करता है या नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग देने का आवासन दिया और जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की सहमति जताई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी से जिम्मेदारी निभाने की अपील की गई।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मोरना।**मानसिक तनाव के चलते एक युवक ने बंद कमरे मे फाँसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। ऐन वक़्त पर पहुंची पुलिस ने युवक को आनन फानन मे अस्पताल पहुँचाया। युवक की जान बचाने पर पुलिस को पुरुषख्रत किया गया है।

थाना व गांव ककरौली निवासी 35 वर्षीय वसीम ने शनिवार को मानसिक तनाव के चलते अपने मकान के कमरे का दरवाजा बंद कर छत मे लगे हुक मे रस्सा बांधकर उसके फंदे से फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही ककरौली पुलिस मौके पर पहुंची व तत्परता दिखाते हुए कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से नीचे उतारा व भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुँचाया। जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस द्वारा युवक की जान बचाने पर परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस को धन्यवाद दिया व प्रशंसा की एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने ककरौली पुलिस को नगद पुरस्कार दिया है।

### भसाना से शुरु करेंगे तिरंगा यात्रा: सलीम



**बुढ़ाना।** ऑल इण्डिया आवाम ए हिन्द पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार सलीम एडवोकेट ने कहा कि ऑल इण्डिया आवाम ए हिन्द पार्टी आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस वाले दिन सुबह को दस बजे बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ करेगी। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सलीम एडवोकेट ने यह जानकारी दैनिक शाह टाइम्स से साझा करते हुए बतलाया कि आवाम ए हिन्द पार्टी के बैनर तले निकलने वाली यह तिरंगा यात्रा गांव भसाना से शुरु होकर हिंडन नदी को निकलकर रामछेल तिराहा, पुरानी सब्जी मंडी, भारत टाकिज, डीएवी कालेज रोड और चौधरी चरण सिंह तिराहे से होते हुए वापस रामछेल तिराहे पर जाकर समाप्त होगी। इसके लिए आज उन्होंने कई गांवों में जनसंपर्क किया और लोगों में देशभक्ति की भावना जगाते हुए 26 जनवरी की तिरंगा यात्रा के लिए आमंत्रित किया। इस तिरंगा यात्रा में ऑल इण्डिया आवाम ए हिन्द पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट भी मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होंगे। उन्होंने तिरंगा यात्रा की सफलता के लिए गांव रसूलपुर दभेडी, मंदवाडा, नंगला, जौला, भनवाड़ा, बुढ़ाना, जोगिया खेड़ा और अन्य कई गांवों में जनसंपर्क किया। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया है। उन्होंने इसकी सूचना बुढ़ाना कोतवाली और एसडीएम कार्यालय को भी दे दी है।



बुढाना: तौल केन्द्र का निरीक्षण करते जेएस गन्ना विकास निरीक्षक।

# मुलायम सिंह यादव ने किया कांटों का औचक निरीक्षण

## गन्ना किसानों ने की मिल अधिकारियों की प्रशंसा

**■ बजाज मिल ने कहा किसानों के साथ नहीं करने देंगे गड़बड़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल लिमिटेड यूनिट भसाना में उप गन्ना आयुक्त ओमप्रकाश सिंह ने अपनी टीम में शामिल ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खाईखेड़ी सतीश कुमार व ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक तितावी मुलायम सिंह यादव के साथ मिल गेट पर लगे कांटों का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान यहां की सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। यहां पर चीनी मिल गेट पर स्थापित बुग्गी कांटा एवं ट्राली कांटा आदि की जांच की। इस दौरान मिल में गन्ना लेकर आये कई कृषकों की ट्राली को इलैक्ट्रानिक कांटे पर वजन के साथ बांट रखने पर सही वजन प्राप्त हुआ।

सभी कांटे सही पाये गये। इस दौरान मिल में गन्ना लेकर आये कृषकों की बुग्गी एवं ट्रैक्टर-ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगवाये गये और साथ ही ये भी निर्देश दिये गये कि सभी गन्ना ढुलाई वाहनों पर पीछे लाल रंग का कपडा एवं रिफ्लेक्टर लगाने, रात्रि में अलाव की व्यवस्था करने तथा किसानों हेतु विश्राम आदि अन्य व्यवस्थायें सुचारू रखी जायें।

यहां पर आए सभी किसानों ने शुगर मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार की जमकर सराहना की और बताया कि उनको इस शुगर मिल से किसी भी तरह की दिक्कत नहीं है। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से यूनिट हैड़ चन्द्रवीर सिंह, वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ललित तोमर एवं गेट इन्चार्ज अनिल सिंह आदि अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# खतौली जाम की गिरफ्त में, हर दिन बढ़ रही लोगों की मुसीबत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे में यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। रोज़ाना लगने वाले भीषण जाम ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

हालात यह हैं कि लोगों का निकलना दूभर हो गया है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे हुए हैं।

दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खतौली कस्बे के बीच से गुजरने वाली जीटी रोड अब जाम का स्थायी केंद्र बन चुकी है। सड़क की सीमित चौड़ाई और दोनों ओर फैला अतिक्रमण यातायात को लगातार बाधित कर रहा है। मुख्य चौराहों पर सड़क किनारे खड़े फल विक्रेता, ठेले और अस्थायी दुकानें जाम को और भयावह बना रही हैं।

शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जब यहां वाहन रेंगते नजर न आते हों। जाम की सबसे बड़ी मार स्कूली बच्चों, मरीजों और नौकरीपेशा लोगों पर पड़ रही है। कई बार एंबुलेंस और स्कूल बसें भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। खतौली-जानसठ तिराहा और बुढ़ाना चौराहे पर जब एक साथ कई रोडवेज बसें खड़ी हो जाती हैं, तो यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है। शनिवार को भी कस्बे के प्रमुख चौराहों और जीटी रोड पर लंबा जाम लगा रहा। ऊपर से ई-रिक्शाओं की बेतरतीब आवाजाही ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। हैरानी की बात यह है कि यह सब स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में होता है, लेकिन जाम से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अधिशासी अधिकारी और पुलिस प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के दावे किए जा रहे हैं, मगर धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है।

# सपा नेता नवाब इम्तियाज ने की वोटरों की मदद



**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर यहां पर मिले उन मतदाताओं की मदद की जिनको विगत दिवस बीएलओ द्वारा नोटिस दिए गये थे। उन्होंने बुढ़ाना तहसील सभाकक्ष, बुढाना तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्यालयों में स्थित सुनवाई स्थलों पर पहुंचकर सैंकड़ों मतदाताओं को मिले नोटिसों के जवाब के लिए आवश्यक फॉर्म भरवाए। उन्होंने यहां पर जरुरी दस्तावेज संलग्न कराने और उन्हें जमा करवाने में भी सहयोग किया। यहां पर सपा नेता नवाब इम्तियाज ने बताया कि हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित ना हो और हर मतदाता को न्यायपूर्ण प्रक्रिया के तहत राहत मिलनी चाहिए। इसके लिए वे यहां पर आए हैं और उन्होंने काफी मतदाताओं की समस्याओं का निस्तारण अधिकारियों से मिलकर अपने सामने करवाया। समाजवादी पार्टी मतदाताओं की परेशानियों को लेकर बहुत ही चिंतित हैं और जगह जगह पर सपा नेता अपने स्तर से वोटरों की पूरी मदद कर रहे हैं।

## प्राचीन शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न

**खतौली।** मोहल्ला बालक राम स्थित प्राचीन शिव मंदिर (गली घंटाघर) का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके उपरांत महिला संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे मंदिर परिसर भक्ति रस से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वार्षिकोत्सव में मंदिर समिति के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, महामंत्री कुलदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष मदन छाबड़ा सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा पुनीत अग्रवाल, प्रवीण अरोरा, अमित गोयल, कामिनी अग्रवाल, गीता अरोरा, पूनम अग्रवाल, मीनल गोयल, सुनीता शर्मा, अंजु गोयल, कुसुम शर्मा, ज्योति गुप्ता, साक्षी शर्मा, सोनी गुप्ता, रंजन अग्रवाल, किरण मित्तल, दीपाली शर्मा, कृष्णा अरोरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# दबंग पड़ोसी की भूमि में निकाल रहे चकरोड़



**बुढ़ाना।** कुछ दबंग अपने पड़ोसी के खेत में को चकरोड निकालकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडने का प्रयास कर रहे हैं। लेखपाल पर भी दबंगों का साथ देने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग पीड़ित द्वारा बुढ़ाना एसडीएम से की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार अब्दुर्रहमान पुत्र फजलूरहमान उर्फ जिन्दा निवासी ग्राम शिकारपुर ने शनिवार को बुढ़ाना एसडीएम के कार्यालय पर पहुंचकर एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें बतलाया गया कि उसके पिता फजलूरहमान उर्फ जिन्दा पुत्र नजीर की भूमि मौजा शिकारपुर में स्थित है। जिसका रकबा मौके पर काफी कम है लेकिन उसके बावजूद भी ब्रजपाल पुत्र बलजीत, सुनील पुत्र ब्रजपाल, मोन्टी पुत्र सुनील, विक्रम, संजय, पुत्र सतो.की, विकास पुत्र यशबीर, बिटू पुत्र राजबीर, सोमा पुत्र ओमप्रकाश, सतपाल पुत्र बलजीत, कृष्ण पुत्र सतपाल और मोहित पुत्र कृष्ण के द्वारा उसकी भूमि में जबरदस्ती मुठमर्दी के बल पर रास्ता निकाला जा रहा है तथा रास्ते निकालने के लिये उसके खेत में खडी फसल को ट्रेक्टर चलाकर खुर्द बुर्द कर दी है तथा उसके खेत से चकरोड जबरदस्ती निकाल रहे हैं। कुछ भी कहने पर मौके पर झगडा फसाद करने को तैयार हैं। उसकी उक्त भूमि से लेखपाल ने उक्त सभी से साज कर गलत निशानदेई कर चकरोड निकलवायी है। जिससे उसके साथ नाइंसाफी हो रही है। इसलिये उसके पिता की भूमि की मौके पर खतौनी के आधार पर पैमाईश करवाकर रकबा पूरा कराकर उसकी भूमि में से चकरोड निकालने व वर्तमान में शजरा गलत होने के कारण शजरा संशोधन होने तक कोई भी चकरोड उसकी भूमि में से ना निकाली जाए।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**■ सेंट जेवियस ग्लोबल स्कूल में हुआ भव्य आयोजन**

**मोरना।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल परिसर में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती की वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा भर दिया।

भोपा मुजफ्फरनगर मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों ने देश रंगीला,फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, जैसे देशभक्ति के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतिया दीं। बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियों और जोशीले प्रदर्शन ने पूरे विद्यालय परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

कैंपस भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए देशप्रेम की भावना को जीवन में आत्मसात करने, अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के निर्वहन पर विशेष बल दिया। विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार, जागरूक और सशक्त नागरिक बनने की प्रेरणा दी तथा कहा कि सच्चा राष्ट्रनिर्माण कर्तव्यों के पालन से ही संभव है। बच्चों ने अपने मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य विषयक शीर्षक पर अपने विचार भी व्यक्त किए।

## समस्याएं सुन एसपी ग्रामीण ने ग्रामीणों का भरोसा जीता



**शाहपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा थाना शाहपुर पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मह द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान शाहपुर थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।




मुजफ्फरनगर:जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेसी।

# जयंती पर कांग्रेसियों ने कर्पूरी को किया नमन

**■ कांग्रेसियों ने दी जननायक कों श्रद्धांजलि**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वतन्त्रता सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाअध्यक्ष सतपाल कटारिया व राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेश महासचिव कमल मित्तल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार जनहित की उपेक्षा कर संविधान को बदलने का काम किया जा रहा है जिसे भारत की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ पार्टी ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। कमल मित्तल ने तीन कृषि कानूनों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह कड़े विरोध के बाद केंद्र सरकार को वे कानून वापस लेने पड़े थे, उसी तरह मनरेगा के मामले में भी जनता को आवाज उठानी होगी।

यह काम करने के अधिकार पर सीधा हमला है।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने बिना किसी अध्ययन, मूल्यांकन या राज्यों और राजनीतिक दलों से सलाह लिए इस कानून को रद्द कर दिया। इस अवसर पर ज़फ़र महमूद, रिज़वान अहमद , ममनून अंसारी, सद्दाम सिद्दीकी सहित कार्यकर्ता रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसआईआरः कांग्रेस ने 6 जनवरी को प्रकाशित प्रारूप में गंभीर अनियमितता का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश में चल रही विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के प्रथम चरण के बाद 6 जनवरी को प्रकाशित प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जनपद शामली को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है।



कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र राघव एवं जिला अध्यक्ष अखघ्लाक प्रधान ने ज्ञापन में बताया कि मतदाता सूची में कई स्थानों पर बिना मकान संख्या के बड़ी संख्या में मतदाताओं का पंजीकरण दर्शाया गया है, जो निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

ज्ञापन के अनुसार शाह विलायत-3 द्धथानाभवनऋ में मकान संख्या 100 पर 42 मतदाता दर्ज पाए गए हैं, जिनमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार मकान संख्या 117, 121, 128, 131, 134 और 137 पर भी इसी तरह की अनियमितताएं पाई गई हैं।

कंधला के मोहल्ला खैल कलां में मकान संख्या 8ध्8ध्75 पर 600 से अधिक मतदाता दर्ज होने का आरोप लगाया गया है।इसके अलावा थाना भवन विधानसभा क्षेत्र के सोहजनी उमरपुर गांव में कई पृष्ठों पर बिना मकान संख्या के मतदाता दर्ज किए गए हैं। सोहजनी उमरपुर-1 के पृष्ठ संख्या एक पर 23 मतदाता मकान संख्या शून्य पर दर्ज पाए गए हैं। वार्ड हकीमान द्धमुजाबरान, वकीलगढ़ऋ तथा शाह विलायत उत्तरी वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में भी मकान संख्या शून्य पर कई मतदाताओं के नाम दर्ज होने की बात कही गई है। हरड़फतेहपुर-3 में भी मकान संख्या शून्य पर मतदाताओं का पंजीकरण होने तथा मकान संख्या 540 पर विभिन्न जातियों के 48 मतदाता दर्ज होने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में इस प्रकार की त्रुटियां गंभीर हैं और यदि समय रहते इनका सुधार नहीं किया गया तो निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मामले की जांच कराकर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने और मतदाता सूची में शीघ्र सुधार कराने की मांग की है।

# मिशन शक्ति फेज-5.0: थानाभवन क्षेत्र में चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शनिवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम थाना थानाभवन द्वारा कस्बा थानाभवन के विभिन्न बाजारों में महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिला हेड कांस्टेबल विनीता एवं महिला हेड कांस्टेबल पूनम ने बाजारों में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। महिलाओं को साइबर क्राइम धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही आपात स्थिति में सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानक. ारी दी गई, जिनमें 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन),



112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) तथा 108 (एम्बुलेंस सेवा) शामिल हैं। महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी अवगत कराया गया।

पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना झिझक हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। अभियान को लेकर बाजार में मौजूद महिलाओं ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

# विकसित उप्र-विकसित भारत थीम के साथ चला सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर नगर पंचायत थानाभवन में शनिवार को 'विकसित उत्तर प्रदेश.विकसित भारत' थीम के तहत उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के निर्देशन में नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, चौराहों, बाजारों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष साफ-सफाई कराई गई। इस दौरान सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों एवं स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को





स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, हरित और विकसित बनाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की प्रगति, संस्कृति और विकास यात्रा को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। 'विकसित उत्तर प्रदेश.विकसित भारत' की थीम के अनुरूप नगर पंचायत द्वारा चलाया गया यह स्वच्छता अभियान जनभागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तर पर मनाए जा रहे तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का हिस्सा रहा।

जिसमें प्रदेशभर में विकास, संस्कृति और नागरिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नगर के स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे नगर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में नगर पंचायत थानाभवन के स्वच्छता प्रभारी मनीष कुमार शर्मा, फैजान उमर पाशा, कमल, हिमांशु सहित सफाई मित्रों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

# राजकीय महाविद्यालय में हुआ मतदान जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राजकीय महाविद्यालय, थानाभवन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्रभारी निशांत कुमार ने छात्र.छात्राओं को लोकतंत्र की रक्षा एवं देश के विकास में मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र.छात्राओं के साथ मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मो। जुबैर, ज्योति सिंह, देवांश भोरवाल, नमन वर्मा, ललित सहित सुरक्षा कर्मी अंकित शर्मा, सुशील गौरव आदि उपस्थित रहे।

# सैंट आरसी में मनाया बालिका दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सैंट आरसी स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष रूप से जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविन्द संगल ने कहा कि बेटी कुदरत का अनमोल उपहार है, उसे जीने और आगे बढ़ने का पूरा अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के सपनों को साकार करने के लिए समाज को उन्हें प्रोत्साहित करना होगा तथा लैंगिक भेदभाव को समाप्त कर सकारात्मक सोच विकसित करनी होगी। डीईओ मोहम्मद कासिफ ने कहा कि जहां समानता होती है, वहीं वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि




समाज में फैली लैंगिक असमानता को समाप्त कर बेटों और बेटियों को समान अधिकार दिए जाने चाहिए। उन्होंने भ्रूण लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या को गंभीर कानूनी अपराध बताते हुए कहा कि इसमें कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यदि बेटियां नहीं होंगी तो माताएं कहां से आएंगी, इसलिए बेटियां हमारी समाज की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में एसीएमओ मोहम्मद जाहिद अली ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वे परिवार और समाज की नींव होती हैं तथा वंश परंपरा को आगे बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल, राजनीति और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत व लगन से सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं। प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर सकारात्मक सोच विकसित करना है, ताकि बालि. काओं को समान महत्व और सम्मान मिल सके।

# उप्र के प्रथम प्राइवेट आयोनैक्स टेक्सटाइल पार्क का विशेष सचिव ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली (शामली)।** जनपद शामली के थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव रतौंद में निर्माणाधीन उत्तर प्रदेश के प्रथम प्राइवेट आयोनैक्स टेक्सटाइल पार्क का शनिवार को शेषमणि पांडे, विशेष सचिव वस्त्र एवं हथकरघा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में इकाइयां स्थापित कर रहे उद्योगपतियों से मुलाकात की और परियोजना की प्रगति की जानक. ारी ली।



विशेष सचिव ने उद्योगपतियों से संवाद करते हुए कहा कि यह टेक्सटाइल पार्क प्रदेश के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। उन्होंने कहा कि न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों से भी निवेशक इस पार्क में अपनी इकाइयां स्थापित कर रहे हैं, जो क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने उद्योग. पतियों को अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने पार्क के डेवलपर रवि अरोड़ा से परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। रवि अरोड़ा ने बताया कि विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आवश्यक पत्र जारी कर दिए गए हैं। मौके पर मौजूद विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 16 करोड़ रूपए का स्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है, धन स्वीकृत होते ही विद्युत आपूर्ति से संबंधित कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

वहीं पीडब्ल्यूडी की सहायक अभियंता पाखी वर्मा ने बताया कि टेक्सटाइल पार्क की ओर से 18 मीटर चौड़ी एवं लगभग 4।30 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए आवेदन किया गया है, लेकिन वर्तमान में कागजों में सड़क की चौड़ाई 9 मीटर ही दर्ज है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 7 मीटर चौड़ी सड़क बनाकर दोनों ओर एक-एक मीटर की कच्ची पटरी छोड़ी जा सकती है। इस पर विशेष सचिव ने निर्देश दिए कि अभी अभिलेखों के अनुसार ही सड़क का निर्माण कराया जाए। इस दौरान रवि अरोड़ा ने विशेष सचिव के समक्ष एक अहम मांग रखते हुए कहा कि यदि पार्क में पहले से औद्योगिक स्ट्रक्चर निर्माण के लिए धन स्वीकृत कर दिया जाए तो स्थानीय युवाओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि तैयार स्ट्रक्चर मिलने पर युवा अपनी मशीनरी लगाकर आसानी से अपना उद्योग शुरू कर सकेंगे, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान शाह टाइम्स के संवाददाता द्वारा क्षेत्रीय लोगों की चिंता को लेकर प्रश्न किया गया कि टेक्सटाइल पार्क के कारण कहीं पानीपत जैसी प्रदूषण की स्थिति तो उत्पन्न नहीं होगी। इस पर विशेष सचिव शेषमणि पांडे ने स्पष्ट किया कि यह पार्क पूरी तरह जीरो पॉल्यूशन मॉडल पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि पार्क 100 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली पर संचालित रहेगा, केवल एक चिमनी के अंतर्गत ही इकाइयां स्थापित होंगी। फैक्ट्रियों से निकलने वाले पानी को नालों या तालाबों में नहीं छोड़ा जाएगा, बल्कि जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली के तहत पानी को शुद्ध कर पुनः फैक्ट्री में ही उपयोग किया जाएगा। विशेष सचिव ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार अब तक उद्योगों को लगभग 250 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान कर चुकी है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से आ]वान किया कि वे भी औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर सरकारी सब्सिडी का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इस टेक्सटाइल पार्क से क्षेत्र के लगभग 8 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मयंक गुप्ता, विकास गुप्ता, गौरव गोयल, सार्थक मानस, संगल सहित अनेक उद्योगपति एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिका. रियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी। उन्होंने स्कूलों के पाठ्क्रम से अंग्रेजी हटाने का निर्णय लिया तथा अति पिछड़े, पिछड़े वर्ग और महिलाओं को सरक. ारी नौकरियों में आरक्षण देकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा।

उनका पूरा जीवन शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों के अधिक. ारों के लिए समर्पित रहा। समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र वालिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही युवाओं, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के सपनों को साकार किया जा सकता है। वहीं समाजवादी अनुसूचित सभा के जिलाध्यक्ष सले. कचंद ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति के युवाओं को आरक्षण का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें निराशा बढ़ रही है। कार्यक्रम में विश्वजीत पंवार, चौधरी योगराज सिंह, सुधीर कश्यप, चौधरी ओम सिंह, पवन कुमार, मास्टर सतीश एवं नमित पंवार मौजूद रहे।

## गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया

**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाई एवं मतदाता साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश की प्रगति, नवाचार, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करते हुए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम विकसित उत्तर प्रदेश, विक. सित भारत के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कविता पाठ किया और प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का परिचय दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ ने विद्यार्थियों को बताया कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था।

# थाना समाधान दिवस में जमीनी विवाद की दो शिकायतें दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना परिसर में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई, जिसमें जमीनी विवाद को लेकर दो शिकायतें सामने आईं। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र रावत ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उन्हें शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा संबंधित हल्का लेखपालों को तत्काल मौके पर भेजा गया, ताकि स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन किया जा सके और विवाद का निष्पक्ष समाधान कराया जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र रावत ने बताया कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण करना है। जमीनी विवादों में राजस्व विभाग के सहयोग से मौके पर जांच कर कानूनी प्रक्रिया के तहत समाधान कराया जाएगा। समाधान दिवस में आए फरियादियों ने पुलिस व प्रशासन की इस पहल की सराहना की और शीघ्र न्याय की उम्मीद जताई।

# आरके पीजी कॉलेज में मनाया उप्र स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कल्चरल कमेटी द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर लोकेश मलिक ने किया। बताया कि प्रत्एक वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापना दिवस की थीम विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश निर्धारित की गई है, जो प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा को दर्शाती है। भाषण प्रतियोगिता में महिला वर्ग में वंशिका ने प्रथम, प्रियाक्षी ने द्वितीय तथा रिया सौरान एवं प्रिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में समीर प्रथम, अरुण चौहान द्वितीय तथा हर्षित तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ कुमार पाण्डेय, डॉ. रानी मिश्रा, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. चंद्र बलि पटेल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. दीपक तोमर उपस्थित रहे।

# हाई रिस्क प्रेगनेंसी डे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को सीएससी शामली पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी डे का आयोजन किया गया। इस दौरान 30 से अधिक उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच कर उनका उपचार किया गया। नवनियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. विजेंद्र कुमार द्वारा सभी महिलाओं की विस्तार से जांच की गई। डा. विजेंद्र कुमार ने गर्भावस्था से संबंधित सभी आवश्यक जांचें करते हुए महिलाओं को हाई रिस्क प्रेगनेंसी में होने वाली जटिलताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इस पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी वह होती है, जिसमें गर्भवती महिला किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होती है, जैसे शुगर, उच्च रक्तचाप, थायराइड, लीवर एवं हृदय रोग, खून की कमी, संक्रमण, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी आदि। ऐसी गर्भावस्थाओं में नियमित जांच और विशेषज्ञ देखरेख अत्यंत आवश्यक होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं एवं अन्य महिलाएं, जो गर्भाशय की गांठ, अंडाशय की गांठ या संक्रमण जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं, वे सीएचसी में अनुभवी चिकित्सक की देखरेख में अपना उपचार कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही सभी स्वास्थ्य सुविधाएं सीएससी पर निशुल्क उपलब्ध हैं।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में जुटी हजारों की भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जाति-पाति और वर्ग भेद से ऊपर उठकर हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से शुक्रवार को सहारनपुर के बी.डी. बाजोरिया इंटर कॉलेज के क्रीड़ा स्थल में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति (अंबेडकर बस्ती, बेहट रोड) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने सहभागिता की। भगवा ध्वजों और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा परिसर राममय वातावरण में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी दीपांकर जी महाराज, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य रूपेश एवं आयोजन समिति अध्यक्ष राजीव द्वारा भारत माता के




चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। आशीर्वचन देते हुए आचार्य नयन सागर जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति अहिंसा में विश्वास करती है, लेकिन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए संगठन और शक्ति भी आवश्यक है। उन्होंने समाज से संगठित होकर सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता रूपेश ने कहा कि हिन्दू समाज की एकता से ही बड़े राष्ट्रीय निर्णय संभव हुए हैं। उन्होंने धारा 370 हटने का उदाहरण देते हुए कहा कि संगठित समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तनकृनागरिक कर्तव्य, स्व की भावना, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण और समरसताकृको जीवन में अपनाने का आग्रह किया। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि मंदिर लोकार्पण के बाद करोड़ों श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जो हिन्दू चेतना के जागरण का संकेत है।

कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी दीपांकर महाराज ने हिन्दू समाज में जातीय विभाजन पर चिंता व्यक्त करते हुए एकजुट होने का भावुक आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल सोशल मीडिया तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर समाज सेवा और संगठन के कार्यों में सहभागी बनें।

मंच पर अनेक संत, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री निधि राणा एवं दीपक अग्निहोत्री ने किया। सम्मेलन का समापन सामूहिक वंदे मातरम् के गायन और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# समस्याएं सुन कराया समाधान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को दिवसाधिकारी द्वारा ध्यान पूर्वक सुना गया तथा मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

शनिवार को थाना पर आयोजित समाधान दिवस में दिवसाधिकारी थाना प्रभारी विनोद कुमार के समक्ष दो फरियादी अपनी समस्या लेकर आये। जिसमें कस्बा सुल्तानपुर निवासी पीड़ित सुहेल अंसारी पुत्र इरफान ने बताया कि उसने एक मोबाईल फोन लोन पर लिया हुआ था। इस मोबाईल को उसने बाद में खाताखेड़ी सहारनपुर निवासी एक युवक को बेंच दिया था तथा बची हुई किस्तें विपक्षी द्वारा भरना तय हुआ था। लेकिन विपक्षी युवक मोबाईल की बची हुई किस्तें नही भर रहा है। यदि पीड़ित द्वारा विपक्षी पर किस्तें भरने का दबाव बनाया गया तो विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस दौरान एसएसआई भूपेंद्र सिंह, एसआई नरेंद्र सोलंकी, महिला एसआई माधुरी शर्मा, सुमन, राजस्व निरीक्षक शिवकुमार शर्मा, क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप रोहिला, योगेन्द्र सिंह, स्वाति शर्मा, ऋचा उपाध्याय, शबनम खातून, शिल्पा सिंघल, साईस्ता राव, सतीश चंद्र, सुनील कुमार, विजेन्द्र चौहान सहित नगर पंचायतकर्मी तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे।

# मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विकास खण्ड प्रांगण में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का यह कार्यक्रम मतदाता जागरूकता एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

सहायक पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार अशवनी त्यागी एडीओ कृषि द्वारा समस्त कर्मचारियों के अलावा एसआई आर पुननिरिक्षण सुनवाई के लिए आये मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपस्थितजनों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान करने का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान प्रवीन कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार, अभिषेक डोभाल, सोशीन, तालीब, उमेश कुमार, कुशल पाल के अलावा ग्राम प्रधानगण, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं भारी संख्या में मतदाताओं ने भाग लिया।

## तैयारियां पूरी

**गंगोह।** नगर में शाकुंभरी देवी जयंती कार्यक्रम आज से शुरू होगे। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां पूरी हो गई है।

नगर में शाकुंभरी देवी जयंती कार्यक्रम सब्जी मंडी स्थित मां काली मंदिर पर आयोजित होगे। कार्यक्रम के अनुसार 25 जनवरी की रात मां काली मंदिर को झालरों व फूलों से सजाया जाएगा। इसके अलावा पूरे मंदिर परिसर को शाक-भाजी से भी सजाने का कार्यक्रम है। 25 जनवरी को कार्यक्रम सुबह से ही शुरू हो जाएंगे। मंदिर के पुजारी सूर्य कांत शर्मा ने बताया कि मंदिर में दिन में विशेष पूजा कार्यक्रम होगा। रात्रि के समय मां भगवती का गुणगान किया जाएगा। इस गुणगान में अनेक भजन गायक शामिल होंगे। इससे पहले प्रात काल में प्रभात फेरी का भी आयोजन होगा। 26 जनवरी को मंदिर में सजाई गई शाक-भाजी को सम्मिलित करते हुए भंडारे का आयोजन होगा।

# शहीद की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमर शहीद निशांत शर्मा की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज सहारनपुर में उनकी प्रतिमा के पास एक स्वैच्छिक रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया।

यह आयोजन एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी एवं फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें शहीद की स्मृति को शब्दों के बजाय रक्तदान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर में शहीद निशांत शर्मा के पिता जोगिंदर शर्मा, माता ममता शर्मा एवं भाई ऋषभ शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुल 50 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 31 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजय कुमार सिंह (महापौर) एवं राघव लखनपाल




शर्मा (पूर्व सांसद) उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त सुषमा बजाज, शरद भार्गव, अतुल परेशर और विजयकांत चौहान सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी सहभागिता कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष रश्मि टेरेंस ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के साथ मिलकर यह आयोजन समाज को यह संदेश देता है कि शहीदों की स्मृति में जीवनदान देना सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। ऐसे प्रयास युवाओं में सेवा और संवेदना की भावना को मजबूत करते हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि जो रक्तदाता आज यहाँ आए हैं, वे देश और समाज दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शहीद की पुण्यतिथि पर रक्तदान करना एक प्रेरणादायी उदाहरण है। पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। शिविर का आयोजन पूर्णतः स्वैच्छिक एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया, जहाँ चिकित्सा मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। रक्तदान शिविर में टीम एरोन से ओसविन टेरेंस, शशांक शर्मा, मैडी शर्मा, मिंटू अंसारी, संदीप शर्मा, दीपिका सचदेवा, पारस वर्मा और टीम एफबीडी से संस्थापक तरुण भोला, अभिषेक कुमार, विशाल राणा, योगेश पंवार आदि ने भाग लिया।

# विज्ञान प्रदर्शनी व मेले का आयोजन



**गंगोह।** दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी एवं मेले का शुभारंभ उपप्रबंधक राकेश गर्ग व अध्यक्ष राकेश सिंघल ने किया। प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए 40 विज्ञान मॉडल, कार्यशील प्रोजेक्ट, भारत दर्शन की आकर्षक झाँकियाँ, पेंटिंग कॉर्नर, ज्वेलरी मेकिंग से संबंधित रचनात्मक कार्यों का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य ओंकार शर्मा, पूर्व प्रबंधक योगेंद्र गर्ग, प्रधानाचार्य यशोदा सैनी, डॉ अमित गर्ग रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, रचनात्मकता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा। प्रधानाचार्य विजय कुमार रोटरी अध्यक्ष विकास सिंघल, विनीत अग्रवाल, मनोज जैन, राजेश काका, राज.ेंद्र शर्मा आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या नीरा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# मोक्षायतन योगाश्रम में मनाया बसंतोत्सव

**सहारनपुर।** खराब मौसम के बावजूद मोक्षायतन योगाश्रम में वसन्तोत्सव श्रद्धा, साधना और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण के प्रेरक आवाहन पर नन्हे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में साधक आश्रम परिसर पहुंचे। नेशन बिल्डर्स एकेडमी प्रांगण में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया तथा मां सरस्वती की आराधना के साथ दक्षिणमुखी हनुमान जी के विग्रह की स्थापना की गई। विग्रह स्थापना जिलाधिकारी मनीष बंसल, गुरुदेव स्वामी भारत भूषण तथा आर्किटेक्ट पंकज गुप्ता व डेजी गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि विद्यालय सरस्वती के मंदिर और व्यायामशालाएं शक्ति-साधना, सेवा और चरित्र



निर्माण के केंद्र होते हैं। मां सरस्वती की आराधना और बल, बुद्धि, विद्या व सेवा के प्रतिमान बजरंगबली की भक्ति से इन गुणों की सहज प्राप्ति होती है। उन्होंने मोक्षायतन योग संस्थान से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नेशन बिल्डर्स एकेडमी के नन्हे बच्चों एवं साधकों को सौभाग्यशाली बताया कि उन्हें ऐसी पवित्र साधना स्थली में राष्ट्र व मानवता के लिए जीवन को समर्पित करने का अवसर मिल रहा है। गुरुदेव पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने बसंत पंचमी को मदनोत्सव के रूप में उल्लेखित करते हुए कहा कि काम पर विजय विद्या और विवेक से ही संभव है, इसी कारण इस दिन विद्या की अधिष्ठनलात्री मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने विशेष रूप से किशोरों व युवाओं को बल, बुद्धि, ब्रह्मचर्य, शक्ति और भक्ति के लिए नित्य हनुमान दर्शन व आराधना की प्रेरणा दी। आयोजन के दौरान वसंती वेश और पगड़ी धारण किए साधकों द्वारा यज्ञ, अर्चना-वंदन, वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं वीर बालक हकीकत राय के बलिदान को स्मरण करते हुए विशेष आहुतियां अर्पित की गईं। इस अवसर पर यजमान पंकज गुप्ता दंपति की वैवाहिक वर्षगांठ भी मनाई गई, जिस पर उपस्थित साधकों ने पुष्पवर्षा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ साधक हेमंत अरोड़ा, ऋषिपाल सिंह, सुषमा सिंह, योगाचार्य नवनीश व ऋचा बर्थवाल, अनीता शर्मा, सीमा गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, आस्था वर्मा, ललित वर्मा, मनोज, केशव, विष्णु सहित अनेक साधक उपस्थित रहे।

# पीस व यूनिटी हाऊस फाइनल में



**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतर-हाउस खेलों के अंतर्गत बालिकाओं की थ्रोबॉल के लीग मैचों में पीस हाउस बनाम करेज हाउस तथा एंबिशन हाउस बनाम यूनिटी हाउस के बीच मुकाबले खेले गए। रोमांचक मुकाबलों में पीस हाउस और यूनिटी हाउस ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रोमांचक मुकाबले में पीस हाउस ने यूनिटी हाउस को हरा ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अक्षी व अविका के प्रदर्शन को सराहा गया। अंतर-हाउस खो-खो के लीग मैचों में एंबिशन हाउस ने पीस हाउस को तथा यूनिटी हाउस ने करेज हाउस को पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल में यूनिटी हाउस ने एंबिशन हाउस को हराया। राधिका एवं यशी के प्रदर्शन को सराहा गया।

# तिरंगा की शान बढ़ाएगा ताहिर हसन




**गंगोह।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर निकलने वाली परेड में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) जवान गंगोह का लाल ताहिर हसन मोटरसाइकिल स्टंट कर साहस, अनुशासन और देशभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन कर तिरंगे की शान बढायेगा।

पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी के गांव दुधला की मिट्टी में पले बढे ताहिर की उक्त उपलब्धि पर पुरा क्षेघ्त्र गौरवान्वित है। ताहिर हसन को उक्त मुकाम पर पहुंचाने में कठिन प्रशिक्षण, जोखिम से भरे अभ्यास और अनुशासित जीवन शामिल है। मोटरसाइकिल स्टंट केवल करतब नहीं होता, यह हौसले, संतुलन और मानसिक दृढ़ता की अग्निपरीक्षा होती है, जिसमें ताहिर ने खुद को श्रेष्ठ साबित किया है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य विशिष्ट अतिथियों के समक्ष प्रदर्शन के लिए उनका चयन उनकी असाधारण क्षमता का प्रमाण है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए ताहिर को शुभकामनायें दी है। ग्राम प्रधान नीरज कुमार, पूर्व प्रधान महक सिंह, मामचंद सभापति, रणधीर आदि ने खुशी जताई है।

# रंग बिरंगी पतंगों से दिनभर अटा रहा आसमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बसंत पंचमी के अगले दिन नगर व क्षेत्र में जमकर पतंगबाजी हुई। शनिवार को सुबह से ही आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से आच्छादित रहा। बच्चे पतंग उड़ाने के साथ-साथ एक-दूसरे की पतंग काटने में पूरे दिन उत्साह से डटे रहे।

शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन मौसम ने लोगों को निराश कर दिया था। दिनभर तेज बारिश और तूफानी हवाओं के कारण बच्चे पतंग नहीं उड़ा सके, जबकि उन्होंने पर्व के लिए पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी।

खराब मौसम ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। हालांकि शनिवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा। धूप खिली रही और हवा कुछ तेज होने के बावजूद पतंगबाजी के लिए दिन अनुकूल रहा। इसी का परिणाम रहा कि सुबह से शाम तक बच्चे और युवा पूरे उत्साह के साथ पतंगबाजी का आनंद लेते नजर आए। उत्तर भारत में बसंत ऋतु के आगमन पर पतंगबाजी को खुशी, उल्लास और फसलों के लहराने का प्रतीक माना जाता है। परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी के दिन ही होलिका दहन स्थल पर उपले रखे जाते हैं। जनमान्यता है कि यदि बसंत पंचमी पर बारिश होती है तो होली के दिन भी बारिश होने की संभावना रहती है। बसंत पंचमी का पर्व विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन श्रद्धालु मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर ज्ञान, शिक्षा और संस्कार का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर डाला प्रकाश




**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर डॉ. गुंजन अग्रवाल ने स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था।

निबंध, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ प्रतियोगिता हुई। निबंध में प्रथम पारुल बीए, द्वितीय मुकर्रम बीए व तृतीय रवि बीए रहा। पोस्टर मेकिंग में मरियम प्रथम, आदित्य और अदनान उलहक तृतीय तथा कविता पाठ में लव गर्ग प्रथम, नबबाज रहमान द्वितीय व मुकर्रम तृतीय स्थान पर रहे। कुलपति प्रो. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. महिपाल सिंह ने कहा कि यह राज्य न केवल भारत की सांस्कृतिक आत्मा है, बल्कि शिक्षा, साहित्य, कला, कृषि और उद्योग के क्षेत्र में भी देश को दिशा देने वाला प्रदेश रहा है। काशी, अयोध्या, मथुरा और प्रयागराज जैसी पवित्र धरती ने भारत की सभ्यता को सदियों से मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की असली शक्ति युवाओं को बताया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में हापुड़ अलर्ट मोड पर, नियम तोड़ने वालों पर चला चालान का डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत 24वें दिन शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में ग्रामीण और शहरी नागरिकों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की और यातायात नियमों की अहम जानकारियां प्राप्त कीं।

इस अवसर पर एआरटीओ प्रवर्तन ई. रमेश कुमार चौबे ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सतर्कता और नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे केवल BIS मानक वाले हेलमेट का ही प्रयोग करें। एआरटीओ ने हिट एंड रन योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल या मृतक के परिजनों को शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसकी प्रक्रिया और लाभ आमजन को समझाए गए। जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ प्रवर्तन कार्रवाई भी की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए गलत पार्किंग, ओवर स्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने सहित विभिन्न मामलों में




कुल 81 वाहनों का चालान किया गया। कार्यक्रम के अंत में नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# एसपी के निरीक्षण में हुई परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली भव्य परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया। रिहर्सल के दौरान परेड में शामिल पुलिस बल ने अनुशासन, तालमेल और जोश के साथ कदमताल कर अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने परेड की सलामी ली और जवानों की ड्रिल, मार्च पास्ट तथा समन्वय का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने परेड के प्रत्येक चरण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और



प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर कार्यक्रम की गरिमा, अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड मैदान की व्यवस्थाओं, मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और आमजन की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समारोह के दौरान आने वाले अतिथियों और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान पुलिस बल का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। जवानों ने अनुशासित कदमताल के साथ परेड का अभ्यास कर यह संदेश दिया कि हापुड़ पुलिस गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# तगासराय मारपीट कांड में बड़ी कार्रवाई, महिला की मौत के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला तगासराय में लड़की के विवाह को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना ने गंभीर रूप ले लिया था, जिसमें घायल एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर राहत की भावना देखी जा रही है। पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने मुकदमा बीएनएस में नामजद अभियुक्त को ताराचंद इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था और लगातार पुलिस की निगरानी में था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सागर पुत्र सतीश सैनी निवासी तगासराय, थाना हापुड़ देहात, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि विवाह जैसे सामाजिक आयोजनों में किसी भी प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है और अपराधियों में हड़कंप मचा है।

# पेड़ पर लटका मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

## परिजनों ने की मौके पर पहुंची पुलिस से पेड़ पर लटके शव को उतारने से पहले आरोपी के गिरफ्तारी की मांग





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लापता युवती का शव गांव के निकट चेतनपुरी गांव में जामुन के पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि इस दौरान परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गांव बीबीपुर निवासी सोमपाल की 23 वर्षीय पुत्री रविना दो दिन पूर्व 22 जनवरी को शाम के समय गायब हो गई थी। शनिवार को दोपहर के समय उसका शव गांव के बाहर जामुन के पेड़ से संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मिला। हालांकि परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब पेड़ से उतारने का प्रयास किया तो परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए कार्रवाई किये जाने की मांग की। इस दौरान पुलिस ने मामले की जांच के लिए सहारनपुर से डाग स्कावयड और फोरेसिंक टीम को भी बुला लिया। घटना स्थल की जांच उपरांत पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर बामुश्किल शव को उतार उसका पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका रविना के भाई रितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रविना गुरुवार शाम चार बजे घर से गई थी। लेकिन उसके बाद वह वापिस नहीं आई तो उसे आसपास के परिचितों में ढुंढ़ने का प्रयास किया गया। लेकिन जब वह नहीं मिली तो परिजनों ने शुक्रवार को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट देवबंद कोतवाली में दर्ज करादी। उन्होने बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ बहन को गांव के बाहर शमशान के आसपास ढुंढ़ ही रहा था कि दोपहर के समय उन्हें पेड़ से शव लटका हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उधर, सीओ अभितेष सिंह ने बताया कि शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार ढुढ़ने का प्रयास कर रही थी। बताया कि परि. जनो को कुछ शंकाएं है जिनको लेकर पुलिस जांच कर रही है। बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उनके मुताबिक पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है। जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस ने दो युवकों को लिया हिरासत में**

युवती की गुमशुदगी के बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। जिनमे एक युवक गांव का है और जबकि दूसरा युवक गांव के निकट ही चेतनपुरी गांव का है। बताया जाता है कि पुलिस ने उक्त युवकों को शुक्रवार देर शाम ही हिरासत में ले लिया था और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**फीजियोथेरेपिस्ट का कार्य करती थी मृतका**

रविना देवबंद के रेलवे रोड स्थित एक नर्सिंग होम में फीजियोथेरेपिस्ट थी। बताया जाता है कि युवती ने बाकायदा फीजियोथेरेपिस्ट का कोर्स भी किया हुआ था। पुलिस की टीम युवती के बारे में वहां भी जानकारी जुटा रही है।

**डॉग स्कॉवयड और फोरेसिंक टीम ने की जांच**

रविना की हत्या के खुलासे को पुलिस ने डॉग स्कावयड और फोरेसिंक टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने मौके पर जांच की।

# कारों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए सामने से आ रही दूसरी कार से टकराई। दुर्घटना में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी शाहरुख पुत्र दिलशाद और शाहिद पुत्र सईद अपने दो अन्य साथी गुलबहार और रोहित के साथ कार में सवार होकर किसी काम से देवबंद आए थे। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम वापस लौटते समय जैसे ही उनकी कार स्टेट हाईवे 59 पर घलौली पुलिस चौकी के निकट पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए दूसरी ओर पहुंच गई और सामने से आ रही एक अन्य कार से जा टकराई। दुर्घटना में कार सवार चारों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत सभी घायलों को देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने शाहरुख और शाहिद को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल युवकों का उपचार जारी है। हादसे में युवकों की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक पंचनामा भर दोनों शवों को मोर्चरी भिजवा दिया गया है। घटना के संबंध में मृतक परिजनों की ओर से कानूनी कार्रवाई के लिए अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# दिशा में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में उत्तर प्रदेश दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिलेश अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार राजीव कुमार तथा अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

संचालन प्रवक्ता रश्मि शर्मा एवं ज्योति चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रमुख मधुलिका राजपूत एवं उपप्रमुख डॉ. एकता मलिक रहीं।

रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विमल कुमार भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यही वह भूमि है जहाँ श्रीराम, कृष्ण, बुद्ध, कबीर और तुलसीदास जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया। उत्तर प्रदेश गंगा-जमुनी तहजीब, सांस्कृतिक समरसता और महान विभूतियों की एकता का अनुपम उदाहरण है। डॉ. एकता मलिक ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, विज्ञान, कृषि, उद्योग, साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने देश को नई दिशा दी है। जीत सिंह (मीडिया प्रभारी), गौरव मलिक (पीआरओ), डॉ. समीर अहमद (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड), नरेश सिंह, अमित विश्नोई, मोनू कुमार, मनीष, जितेन्द्र कुमार, निधि चौहान, पवनजीत कौर, नीशु सिंह, रंजीत कुमार, प्रभाव कुमार, सतेंद्र शर्मा, रेशु रानी, जितेन्द्र सिंह, मानसी, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, ऋषभ अग्रवाल, जसवंत सिंह, ललित कुमार आदि रहे।

# समाधान दिवस में समस्याओं का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार ने की जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों ने भूमि विवाद रास्ते की समस्या, राजस्व से जुड़े प्रकरण, पुलिस से संबंधित शिकायतें एवं अन्य जनसमस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि पुलिस से संबंधित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और समाधान दिवस इसी उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समाधान दिवस के माध्यम से आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण संभव है, उन्हें तत्काल निपटाया जाए और शेष मामलों में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

समाधान दिवस में राजस्व पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली।

# एसडी में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता तथा स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर मनोज कुमार झा, इन्क्यूबेशन मैनेजर, एस.डी.सी.ई.टी. इन्क्यूबेशन फोरम ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने स्टार्टअप आरंभ करने की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आइडिया चयन, समस्या की पहचान, बिजनेस प्लानिंग एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने नवाचार, टीमवर्क और निरंतर प्रयास के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा नए स्टार्टअप्स को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी भी दी, जिनमें वित्तीय सहायता योजनाएं, इन्क्यूबेशन सपोर्ट, कर में छूट, मेंटरशिप तथा स्टार्टअप इंडिया पहल के अंतर्गत सरल अनुपालन प्रक्रियाएं शामिल हैं। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग स्टार्टअप और इनोवेशन का युग है। युवाओं के पास नए विचारों और तकनीकी समाधानों के माध्यम से समाज की समस्याओं को हल करने का अपार अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से जोखिम लेने, असफलताओं से सीखने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एस. डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत संस्थान विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित कर उन्हें रोजगार सृजक बनने के लिए तैयार करता है। संस्थान के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी विद्यार्थियों को केवल तकनीकी शिक्षा ही नहीं, बल्कि उद्यमी सोच विकसित करने का भी मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान का इन्क्यूबेशन सेंटर, इंडस्ट्री कनेक्ट और मेंटरशिप सुविधाएं विद्यार्थियों को स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संस्थान की आई.आई.सी कमेटी के अध्यक्ष, संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध संसाधनों एवं मार्गदर्शन का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

# ...हुसैन तुमको जमाना सलाम करता है





**मुजफ्फरनगर।** शहर की मस्जिद अल खातून अंबिया में तीन शाबान को मिला देते इमाम हुसैन के मौके पर महफिल का आयोजन हुआ जिसमें इलाके के बड़ी संख्या में मोमिनीन और नौजवानों ने शरीक होकर माहौल को अकीदत और मोहब्बत से भर दिया। सलीम हैदर साहब ने महफिल का सफल आयोजन किया। महफिल इस मै बेहतरीन अंदाज में निजामत की जनाब मोहम्मद जिया रिजवी साहब ने उन्होंने अपनी नजामत से उपस्थित लोगों में इमाम हुसैन द्धअ।स।ऋ के प्रति अकीदत और मोहब्बत का पैगाम पेश किया। महफिल की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई, इसके बाद नात और मनकघ्बत पेश की गई। मौलाना हाफिज रशीद असगर बिजनौरी ने इमाम हुसैन (अ.स.) की जिंदगी और उनके पैगाम पर जोरदार तकरीर पेश की। इमाम हुसैन सिर्फ एक शख्सियत नहीं, बल्कि हक और सच्चाई की मिसाल हैं। कर्बला के मैदान में उन्होंने यह सिखाया कि इंसाफ और ईमान के रास्ते में हर प्रकार की नाइंसाफी और जुल्म के आगे झुकना मुनासिब नहीं। हक की राह में कुर्बानी देना ही असली जीत है। कर्बला का पैगाम यह है कि अगर दीन और इंसाफ खतरे में हों, तो खामोश रहना भी गुनाह है। इमाम हुसैन (अ.स) की जिंदगी नौजवानों के लिए एक रोशनी है। यह सिखाती है कि सच्चाई पर डटे रहना, सब्र रखना और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना हमारी पहली जिम्मेदारी है।

अपनी शायरी से महफिल को चार चांद लगाए। जनाब बहादुर अली, सहारनपुर मौलाना शिफी, मुजफ्फरनगर सैफ अली, रविश अली जैदी, मुजफ्फरनगर इनकी शायरी और रूहानी प्रस्तुतियों ने महफिल को और भी नूरानी माहौल से भर दिया। मौलाना शादाब काजमी, मौलाना मजाहिर हुसैन, मौलाना गजमफर साहब, अहल-ए-सुन्नत अल-जमात से जनाब परवाज रसूली, हाफिज अनस खान रहे। महफिल के अंत में मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। इस अवसर पर नियाज का भी इंतजाम किया गया, जिसे सभी उपस्थित लोगों में वितरित किया गया। पूरी महफिल का माहौल अत्यंत शांतिपूर्ण, रूहानी और अकीदत से भरा रहा।

## समस्याओं का हुआ समाधान

**स्योहारा।** एसआईआर फॉर्म से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह की सक्रिय पहल के तहत स्योहारा विकासखंड कार्यालय में एक सुनियोजित एवं विस्तृत सुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई के दौरान नोटिस प्राप्त लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गई और दस्तावेजों का गंभीरता से परीक्षण किया गया। एसआईआर फॉर्म के उपरांत कुल 147 लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से निर्धारित तिथि पर मात्र 36 लाभार्थी ही उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों के दस्तावेज पूर्ण एवं नियमों के अनुरूप पाए जाने पर उनके मामलों का मौके पर ही सत्यापन कर निस्तारण किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD YUSUF से बदलकर YUSUF रख लिया है। भविष्य में मुझे YUSUF S/O ABDUL KAREEM के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता: 238, टन्ढेरा, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, 251316

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम ZUBAIDA KHATOON से बदलकर JUBAIDA रख लिया है। भविष्य में मुझे JUBAIDA W/O MOHD RAFI के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता: 238, टन्ढेरा, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, 251316

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD RAFI से बदलकर MOHD RAFI रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHD RAFI S/O YUSUF के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता: 238, टन्ढेरा, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, 251316

## पुलिया की अप्रोच के निर्माण की मांग



**अफजलगढ़।** बीजेपी सरकार में जनपद के अधिकारियों की लापरवाही का यह आलम है कि चार माह बीत जाने के बाद भी नाला की पुलिया के क्षतिग्रस्त अप्रोच का निर्माण न होने के कारण बड़े वाहन नाला में गिर जाने के कारण दो लोगों की मौत व दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए थे। गौरतलब है कि नगर से जसपुर जाने वाले नेशनल हाईवे 734 को जोड़ने वाले मार्ग पर मेघपुर मोड़ पर स्थित अमला नदी के नाला में 05 अक्टूबर 2025 को नाला के पुलिया की एप्रोच तोड़ते हुए कार्बन डाइऑक्साइड गैस से भरा एक टैंकर हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। उक्त हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों व जिला प्रशासन से मेघपुर मोड़ पर सुरक्षा हेतु पुख्ता इंतजाम करने की मांग की थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन 07 दिसंबर 2025 को काशीपुर से नगीना रोड पर चलने वाली एक निजी बस अनियंत्रित होकर नाला में जा गिरी। इस हादसे में महिलाओं सहीत करीब दो दर्जन यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

## पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता हुई

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर निबंध, पोस्टर, भाषण एवं कविता प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेविकाओं में उत्तर प्रदेश के इतिहास, संस्कृति एवं विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्रतियोगिताओं में छात्राओं तथा एनएसएस की स्वयंसेविकाओं इलमा, भावना, प्रिया चौहान, सेजल, शायना महक, उजेफा समेत अन्य छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों एवं विकास योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं निबंध, भाषण एवं कविता प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के गौरवशाली अतीत, वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित विचार रखे गए। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. पूनम चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की अस्मिता,संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, संस्कार और सेवा के माध्यम से प्रदेश व राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर गृहविज्ञान विभाग एवं योग शिक्षिका प्रियंका देवी के संयोजन में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# आरएसएम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

धामपुर। आर.एस.एम. कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में प्रदेश के प्रति जागरूकता एवं गर्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवि धनकड़ के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, महान विभूतियों और विकास यात्रा से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने राज्य के प्रति गर्व की भावना जागृत करना तथा प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व से उन्हें परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य एवं समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। प्रतियोगिता में भूमि सब्बरवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से अर्पित गंगवार, कशिश भारती एवं स्पर्धा रानी को मिला, जबकि तृतीय स्थान संयुक्त रूप से भूमिका पटेल एवं अमन सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, प्रो. एस. एल. पाल, प्रो. शौराज सिंह, डॉ. जित.ेंद्र चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विवेक यादव, डॉ. विनय दुआ, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. अनिल यादव, डॉ. अनिल सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फीफ विमेंस चैंपियंस कप में हिस्सा लेने वालों को रिकॉर्ड प्राइज मनी देगा

**जेनेवा, वार्ता।** वर्ल्ड फुटबॉल गवर्निंग बॉडी ने शुक्रवार को अनाउंस किया कि पहले फीफा विमेंस चैंपियंस कप विनर को रिकॉर्ड तोड़ प्राइज मनी दी जाएगी। फीफा ने कहा कि विमेंस चैंपियंस कप की फाइनल चैंपियन को 23 लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। हर कॉन्फेडरेशन के चैंपियन इंटरकॉन्टिनेंटल क्लब टाइटल के लिए मुकाबला करेंगे। दो सेमीफाइनल 28 जनवरी को ब्रिटेन के लंदन में ब्रेंटफोर्ड स्टेडियम (जीटेक कम्युनिटी स्टेडियम) में होने हैं। फाइनल 1 फरवरी को आर्सेनल स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनलिस्ट को दी जाने वाली प्राइज मनी के अलावा, हारने वाली दो दूसरी टीमों में से हर एक को 200,000 डॉलर मिलेंगे।

### सनराइजर्स लगातार चौथी बार एसए20 फाइनल में पहुंची

**सैंडटन, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार बेटवे एसए20 फाइनल में जगह बना ली। अब रविवार को न्यूलैंड्स में उनका सामना प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा, जहां 2023 के उद्घाटन फाइनल का रीमैच देखने को मिलेगा। दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 114/7 के लक्ष्य को सात विकेट शेष रहते और 50 गेंदें बाकी रहते आसानी से हासिल कर लिया। युवा इंग्लिश ऑलराउंडर जेम्स कोल्स ने एक और बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन किया। ऑफ स्पिन से चार ओवरों में 1/15 लेने के बाद कोल्स ने बल्लेबाजी में नाबाद 45 रन बनाकर रन चेज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पिच पर, जहां टर्न और बाउंस के कारण बल्लेबाजी आसान नहीं थी, कोल्स ने डैन के पहले ही ओवर को निशाना बनाते हुए 21 रन बटोरे व लक्ष्य का बड़ा हिस्सा जल्दी ही घटा दिया।

# टी-20 विश्व कप से बाहर बांग्लादेश

## बांग्लादेश की जगह खेलेगा स्कॉटलैंड



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बांग्लादेश के अड़ियल रवैये पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने बोर्ड को औपचारिक रूप से पत्र लिखा कि बांग्लादेश की मांगें बोर्ड की पॉलिसी के हिसाब से नहीं है। बोर्ड के सभी सदस्यों को लिखे गए इस पत्र में गुप्ता ने बताया कि बीसीबी आईसीसी बोर्ड के फैसले का पालन नहीं कर रहा था और इस बड़े इवेंट के लिए बांग्लादेश की जगह किसी दूसरे देश, इस मामले में स्कॉटलैंड को बुलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। इस पत्र की कॉपी बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम को भी भेजी गई है, जो आईसीसी बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने क्रिकेट स्कॉटलैंड को भी लिखा और उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाली चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक न्योता भेजा। क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी लिडब्लेड से संपर्क किया। उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन वेबसाइट को पता चला है कि शनिवार सुबह दुबई और एडिनबर्ग के बीच हॉटलाइन शुरू हो गई थीं। क्रिकेट की वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी ने बांग्लादेश को भारत में खेलने के अपने रुख पर विचार करने का समय दिया था और मुख्य कार्यकारी गुप्ता लगातार बीसीबी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। आईसीसी नहीं चाहता था कि ऐसा कोई खतरनाक उदाहरण बने जहां कोई सदस्य मैचों को दूसरी जगह कराने की मांग करे। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि वह विश्व कप प्रतियोगिता की पवित्रता की रक्षा करना चाहता है। स्कॉटलैंड अपने प्रदर्शन के आधार पर मौजूदा रैंकिंग में 14वें नंबर है और इसी लिए उसे विश्वकप में जगह मिली है। स्कॉटलैंड अब टूर्नामेंट के शुरुआती स्टेज में ग्रुप सी में होगा और कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) व इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा।

### मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट ने बोर्ड निदेशक मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बीसीबी ने बताया कि रहमान ने बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस सीजन के बीपीएल से जुड़े ए आरोप पत्रकार रियासाद अजीम की एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में लगाए गए थे। उन्होंने गुरुवार को अपने अधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किया था। आईसीसी इंटीग्रिटी यूनिट के पूर्व प्रमुख रहे एलेक्स मार्शल बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट की अगुवाई कर रहे हैं।

# जोकोविच 400वीं मेजर जीत हासिल कर फेडरर की रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे




● **एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा**

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो. कोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने शानदार करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ा, जहां वह मेजर में 400 मैच जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की, जिससे ऑल-टाइम सूची में उनकी बढ़त और बढ़ गई।

जोकोविच अब रोजर फेडरर से 31 जीत आगे हैं, जो 369 मेजर मैच जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जो खेल के उच्चतम स्तर पर जोकोविच के दो दशक के करियर को परिभाषित करने वाली असाधारण लंबी उम्र और निरंत. रता को रेखांकित करता है।

इस जीत का मेलबर्न में भी खास महत्व था, जहां जोकोविच ने फेडरर के 102 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा जब वह चौथे राउंड में याकूब मेन्सिक या एथन क्विन का सामना करेंगे। जोकोविच का मेजर टूर्नामेंट में सफर 20 साल से भी पहले शुरू हुआ था, जब उन्होंने 2005 में रौलां गैरो में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ अपना पहला मेजर मैच जीता था। तब से, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने रिकॉर्ड 24 मेजर खिताब जीते हैं, जिसमें मेलबर्न पार्क खिताब के मामले में उनका सबसे सफल स्टेज साबित हुआ है।

सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, जो. कोविच ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी उठाई थी। जोकोविच इस पखवाड़े में अपने पहले तीन मैचों में सहज दिखे हैं, उन्होंने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और इटली के क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली को भी सीधे सेटों में हराया है।

# वावरिका तीसरे दौर में हारे

● **स्टैन वावरिका तीन बार के विजेता फिट्ज से 7-6(5), 2-6 6-4, 6-4 से हार गए**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्विस दिग्गज स्टैन वावरिका शनिवार को अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए, तीन बार के मेजर विजेता 7-6(5) 2-6 6-4 6-4 से अमेरिकी टेलर फिट्ज से हार गए और एक बहुत पसंद किए जाने वाले पूर्व चैंपियन के तौर पर गर्मजोशी भरी तालियों का आनंद लिया।

40 वर्षीय, जिन्होंने 2014 का खिताब जीतकर मेलबर्न में अपना ग्रैंड स्लैम ब्रेकथ्रू किया था, जिसके बाद के वर्षों में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में भी ट्रॉफी जीतीं, ने घोषणा की थी कि 2026 उनका विदाई सीजन होगा। अपने पहले मैच में लास्लो डेरे को हराने और पिछले राउंड में बहुत छोटे आर्थर गेया के खिलाफ पांच-सेट मैराथन जीतने के बाद, वावरिका ने एक और शानदार प्रयास किया लेकिन जॉन केन एरिना में अमेरिकी नौवीं वरीयता प्राप्त फिट्ज के खिलाफ उनकी ऊर्जा खत्म हो गई।

वावरिका ने कहा कि वह (फिट्ज) एक अद्भुत खिलाड़ी है, वह खेलने के लिए एक कठिन फाइटर है, इसलिए उन्हें और उनकी टीम को बधाई। वह आज बेहतर था, इसमें कोई सवाल नहीं है। माहौल अविश्वसनीय था, इसलिए हमेशा आने के लिए आप सभी का धन्यवाद। वावरिका ने पहले सेट का टाइब्रेक हारने के बाद भी हार नहीं मानी और अगले सेट में आसानी से जीत हासिल की, लेकिन तीसरे सेट में उन्हें हार माननी पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, और उसके बाद उन्हें दबाव बनाए रखने में कभी-कभी मुश्किल हुई।

# गुवाहाटी में आज सीरीज कब्जाने उतरेगी भारतीय टीम

● **न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा**




**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत रविवार को शाम 7 बजे यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में अपना दबदबा कायम रखने का लक्ष्य रखेगा। सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा भारत 3-0 से सीरीज जीतने की राह पर है, जबकि न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा। सभी की निगाहें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ टी-20 मैचों में 316 रन बनाए हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म ने भारत के मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है, और वह सीरीज में भारत की पकड़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे। रायपुर में पिछले मैच में सूर्यकुमार ने 37 गेंदों में 221.62 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे, जबकि ईशान किशन ने 32 गेंदों में तेज 76 रन का योगदान दिया था। अभिषेक शर्मा की शुरुआती सीजन की फॉर्म, हार्दिक पांड्या की ऑलराउंड क्षमताएं और संजू सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी भारतीय टीम को और मजबूत बनाती है। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुम. राह भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें शिवम दुबे और वरुण चक्रवर्ती अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प प्रदान करेंगे। बरसापारा में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का औसत 185-190 रन रहा है, लेकिन इस बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर अनुशासित गेंदबाजी और गति में बदलाव महत्वपूर्ण रहेंगे। ऐतिहासिक रूप से, यहां टॉस जीतने वाली टीमें पहले गेंदबा. जी करना पसंद करती हैं, क्योंकि पिछले मैचों में लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान साबित हुआ है। इस बीच, न्यूजीलैंड अपनी बल्लेबाजी क्रम में एक स्थिर नंबर तीन बल्लेबाज की पहचान करने के लिए प्रयोग करना जारी रखे हुए है। डेरिल मिशेल से मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की उम्मीद है, जबकि रचिन रवींद्र और मिशेल सेंटनर फॉर्म में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। हाल ही में विश्व कप टीम में शामिल किए गए काइल जैमीसन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिन्हें ईश सोढ़ी और जैकब डफी का समर्थन मिलेगा। डेवोन कॉनवे विकेटकीपिग करेंगे, जबकि ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन और मार्क चैपमैन अतिरिक्त बल्लेबाजी गहराई प्रदान करेंगे। हालिया फॉर्म से पता चलता है कि भारत ने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से चार जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीते हैं। टी-20 में दोनों टीमों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत ने 26 में से 13 मैच जीते हैं, न्यूजीलैंड ने 10 और तीन मैच टाई रहे।

# चौथे दौर में भिड़ेंगी कीज व जेसिका पेगुला



● **राउंड ऑफ-16 में दोनों के करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़त होगी**

**मेलबर्न, वार्ता।** अमेरिकी मैडिसन कीज और जेसिका पेगुला शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीधे सेटों में विजेता रहीं, जिससे दोनों अच्छी दोस्त राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में पहुंच गईं और यह उनके करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़ंत होगी। हालांकि मेलबर्न में बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से खेल आम तौर पर तय समय से एक घंटा पहले शुरू करना पड़ा, लेकिन कीज या पेगुला में से कोई भी बिना सीड वाले विरोधियों के खिलाफ रूटीन में बदलाव से परेशान नहीं हुआ। नंबर 6 सीड पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में क्वालिफायर ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि डिफेंडिंग चैंपियन कीज ने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपना लगातार 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीता। कीज अपने ओवरऑल हेड-टू-हेड मुकाबलों में पेगुला से 2-1 आगे हैं जिसमें पिछले जनवरी में एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 6-3, 4-6, 6-1 से जीत शामिल है। दोनों अमेरिकियों ने अपनी तीसरे राउंड की जीत में चार बार सर्व तोड़ा। पेगुला अब पिछले पांच सालों में 11 बार किसी बड़े टूर्नामेंट के राउंड 16 में पहुंच चुकी हैं। कीज बनाम पेगुला के विनर ने यह पक्का कर दिया है कि लगातार 12वें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक अमेरिकी होगा। 2014 आखिरी सीजन था जब कोई नहीं था। इस बीच लगातार दूसरे साल, अमांडा अनिसिमोवा चौथे राउंड में पहुंच गई हैं, इस बार उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना में हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी ने यह पक्का किया कि वह ज्यादा देर तक धूप में न रहें, शनिवार दोपहर को 1 घंटे 11 मिनट में जीत हासिल की। यह चौथी बार है जब अनिसिमोवा मेलबर्न के राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं, और वह डब्ल्यूटीए टूर में पहली बार स्टर्न्स को हराकर वहां पहुंची हैं। उन्होंने इस हफ्ते अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है और स्टर्न्स के देर से चार्ज करने के बावजूद, यहां भी ऐसा होने का कोई असली खतरा नहीं दिखा। अनिसिमा. वा ने शुरुआती गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया और थोड़ी देर बाद स्टर्न्स को ब्रेक करके 2-0 की बढ़त बना ली। फिर उन्होंने एक और ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और आधे घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में सेट जीत लिया।

### सिंधु को हराकर ओलंपिक चैंपियन चेन सेमीफाइनल में

**जकार्ता, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने शुक्रवार को यहां 2026 इंडोनेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। चेन ने भारतीय स्टार पी वी सिंधु को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई, उन्होंने पूरे मैच में निरंतरता और नियंत्रण दिखाया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा। मिश्रित युगल में, चीन के जियांग जेनबांग और वेई याक्सिन ने तीन गेम के कड़े मुकाबले में मेजबान जोड़ी अदनान मौलाना और इंदाह चाह्या सारी जमील को 22-20, 14-21, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक और चीनी मिश्रित युगल जोड़ी, गुओ शिनवा और चेन फांगहुई, डेनमार्क के मथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे से 21-18, 21-14 से हारकर क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। महिला युगल में, चीन की लुओ शुमिन व वांग यिडुओ इंडोनेशिया की राहेल एलेस्या रोज और फेबी सेटियानिग्रम से तीन गेम में 18-21, 21-16, 21-10 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

# सिनर ने क्रैम्प, हीट ने स्पिजिरी को हराया

## जैनिक सिनर का अगला मुकाबला इटैलियन लुसियानो डार्डोरी से होगा



**मेलबर्न, वार्ता।** जैनिक सिनर को शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने टाइटल डिफेंस के लिए एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने रॉड लेवर एरिना के अंदर क्रैम्प, हीट और एलियट स्पिजिरी को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई। सिनर ने कहा कि आज के लिए बहुत खुश हूं। जाहिर है अगला मैच, देखते हैं क्या होता है।

उनका अगला मुकाबला साथी इटैलियन लुसियानो डार्डेरी से होगा। (हमने) सिर्फ एक बार प्रैक्टिस की है, इसलिए यह ज्यादा नहीं है। लेकिन ग्रैंड स्लैम में क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक इटैलियन का होना बहुत खुशी की बात है। यह बहुत बढ़िया है। जब मैच एक-एक सेट से बराबर था, तो स्पिजरी ने तीसरे सेट में 3-1 की बढ़त बना ली, जबकि सिनर साफ तौर पर क्रैम्प से जूझ रहे थे, मुश्किल से सर्व करने या हिलने-डुलने के लिए आगे बढ़ पा रहे थे। लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपन हीट स्ट्रेस स्केल 5 पर पहुंच गया, जिससे अधिकारियों ने छत बंद करने के लिए खेल रोक दिया। 10 मिनट से भी कम के ब्रेक के बाद, खेल फिर से शुरू हुआ, लेकिन वह छोटा सा सस्पेंशन बहुत जरूरी साबित हुआ।

जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सिनर ने वापसी की और तीन घंटे, 45 मिनट में जीत हासिल की। सिनर ने कहा कि आज बहुत गर्मी थी। तीसरे सेट में थोड़ी क्रैम्प शुरू हुई, जो समय के साथ धीरे-धीरे ठीक हो गई। अब थोड़े अनुभव के साथ मैं अपने शरीर को थोड़ा बेहतर जानता हूं, कुछ स्थितियों को थोड़ा बेहतर तरीके से संभालने की कोशिश कर रहा हूं।आज किस्मत अच्छी रही। जब उन्होंने छत बंद की, तो थोड़ा समय लगता है। थोड़ा आराम करने की कोशिश की। इससे मदद मिली। कुछ पॉइंट्स को खेलने का तरीका भी थोड़ा बदल गया। इससे मुझे आज पक्का मदद मिली। टेक्सस यूनिवर्सिटी के पूर्व कॉलेज टेनिस स्टार, स्पिजिरी पहली बार किसी मेजर के तीसरे राउंड में खेल रहे थे और इससे पहले उन्होंने कभी ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेन ड्रॉ में नहीं खेला था। यह टॉप-10 अपोनेंट के खिलाफ उनका पहला मैच था। मैच के ज्यादातर समय, 24 साल के स्पिजरी ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। स्पिजरी ने चार बार के मेजर चैंपियन के साथ बेसला. इन से लगातार शॉट मारे, और निडर टेनिस खेला। सिनर परफेक्ट नहीं थे, उन्होंने 51 अनफोर्स्ड एरर किए। लेकिन उन्होंने 56 विनर लगाए, जिसमें उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन अक्सर सबसे जरूरी मौकों पर आया। स्पिजरी ने मैच में अपने 16 ब्रेक मौकों में से सिर्फ छह को ही भुनाया, जबकि सिनर ने अपने 11 में से आठ ब्रेक पॉइंट जीते। स्पिजिरी तीसरे सेट में सिर्फ छह में से एक थे, जिससे सिनर को क्रैम्प से जूझकर बढ़त हासिल करने में मदद मिली। तीसरे सेट के बाद, खिलाड़ी टूर्नामेंट के हीट रूल की वजह से स्पिजिरी को 10 मिनट का ब्रेक मिला।

# गावस्कर ने सूर्यकुमार की 'परिपक्व' पारी की तारीफ की



● **कहा: सूर्या ने अपनी पारी की शुरुआती दौर का इस्तेमाल 'अपनी लय में आने' के लिए किया**

**रायपुर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान और जियोस्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में कप्तान सूर्यकुमार यादव की शांत पारी की तारीफ की, और ईशान किशन के साथ एक अहम साझेदारी के दौरान उनकी मैच की समझ और दिखाई गई परिपक्वता पर जोर दिया।

क्रिकेट लाइव पर, गावस्कर ने बताया कि कैसे सूर्यकुमार ने अपनी पारी के शुरुआती दौर का इस्तेमाल ष्अपनी लय में आनेष के लिए किया, जबकि किशन दूसरे छोर से अटैक कर रहे थे। गावस्कर ने कहा कि सूर्य की पारी ने दिखाया कि उन्हें स्थिति की जानकारी थी। वह 11 गेंदों पर 11 रन बनाकर खेल रहे थे। 97 रनों की साझेदारी में से 76 रन ईशान किशन ने बनाए थे। यह कप्तान की परिपक्वता भी दिखाता है।

उन्होंने कहा कि जब किशन पूरी लय में थे, तो सूर्यकुमार ने स्ट्राइक रोटेट करने और सेटल होने पर ध्यान दिया। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा खिलाड़ी इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था, इसलिए वह उसे ज्यादा स्ट्राइक दे रहा था, साथ ही अपनी लय में आ रहा था, सिगल और डबल लेकर पैरों में सर्कुलेशन बढ़ा रहा था, और इसलिए खुद को बड़े शॉट के लिए तैयार कर रहा था। गावस्कर ने बताया कि किशन के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने कमान संभाली।

# ईशान ने टीम में वापसी का श्रेय आत्मविश्वास को दिया

## ईशान ने सूर्या के योगदान और शिवम के आखिर में किए गए कैमियों को सराहा




**रायपुर, वार्ता।** इंडिया के ओपनर ईशान किशन ने कहा कि फॉर्म में वापसी और नेशनल टीम में जगह एक आसान सवाल की वजह से मिली, जो उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहने के दौरान खुद से पूछा था।

क्या वह फिर से सबसे ऊंचे लेवल पर परफॉर्म कर पाएंगे। न्यूजीलैंड पर भारत की सात विकेट से जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद, किशन ने उस समय को याद किया जब उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था और कहा कि डोमेस्टिक क्रिकेट ने उन्हें कॉन्फिडेंस वापस पाने में मदद की। किशन ने कहा कि मैंने खुद से एक सवाल पूछा: क्या मैं इसे फिर से कर सकता हूं या नहीं? और मेरे पास इसका बहुत साफ जवाब था। लेफ्ट-हैंडर ने बताया कि ब्रेक के दौरान उनका फोकस सिर्फ रन बनाने और खुद को यह साबित करने पर था कि वह भारत के लिए परफॉर्म करने में काबिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ डोमेस्टिक क्रिकेट में रन बनाना चाहता था। कभी-कभी यह अपने लिए करना जरूरी होता है, अपने सवालों के जवाब देना कि आप कैसे बैटिंग कर रहे हैं और क्या आप इंडिया के लिए खेलने में काबिल हैं। इसलिए मेरे लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना और रन बनाना जरूरी था। किशन ने कहा कि घरेलू टाइटल जीतने से इंटरनेशनल असाइनमेंट से पहले उनका कॉन्फिडेंस और बढ़ा। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह थी कि हमने ट्रॉफी भी जीती, और मैं उस कॉन्फिडेंस को यहां भी ले गया। इसलिए यह मेरे लिए काफी अच्छा दिन था। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान 240 के करीब स्ट्राइक रेट से रन बनाने के बावजूद, किशन ने कहा कि उन्होंने बड़े टारगेट का पीछा करते समय जान-बूझकर गैर-जरूरी रिस्क से परहेज किया। उन्होंने कहा कि हम रिस्क नहीं लेना चाहते थे, क्रॉस-बैटेड नहीं होना चाहते थे, लेकिन मैं फिर भी पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की कोशिश कर रहा था। दिन के आखिर में, जब आप 200 से ज्यादा के टोटल का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको पावर प्ले में अच्छे रन बनाने होते हैं। किशन ने पारी के दौरान मेंटली शांत रहने की अहमियत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि मैं आज जो करना है उस पर फोकस कर रहा था और बस खुद को अच्छे माइंडस्पेस में रख रहा था। कभी-कभी आपको लगता है कि आप अच्छी बैटिंग कर रहे हैं और बस बॉल को देखने और उस स्पेस में रहने की कोशिश करते हैं। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के जवाब में, किशन की 21 गेंदों में खेली गई जबरदस्त हाफ सेंचुरी, कप्तान सूर्यकुमार यादव के योगदान और शिवम दुबे के आखिर में किए गए कैमियो ने भारत को जीत दिलाई। भारत ने पावरप्ले के आखिर में 75/2 का स्कोर बनाया, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर था, इससे पहले 2007 में जोहान्सबर्ग में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत ने 76/1 का स्कोर बनाया था, जिससे एक बड़े चेज के लिए मंच तैयार हुआ।

# दोहरा शतक लगाने के बाद सरफराज ने अजहर को श्रेय दिया

● **सरफराज खाने ने हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में दोहरा शतक (227) लगाया**

**हैदराबाद, वार्ता।** सरफराज खान मोहम्मद अजहरुद्दीन के वीडियो देखकर बड़े हुए हैं और शुक्रवार को हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक (227) लगाने के बाद, मुंबई के इस बल्लेबाज ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पूर्व भारतीय कप्तान को श्रेय दिया। हालांकि, अजहर ने कहा कि सारा श्रेय खिलाड़ी को ही जाना चाहिए। अजहर ने शुक्रवार शाम को क्रिकबज से कहा कि सारा श्रेय सरफराज को मिलना चाहिए - मुझे क्यों? सरफराज के रात भर 128 रन पर नाबाद रहने के बाद दोहरा शतक पूरा करने के कुछ घंटे बाद वह मेरे ऑफिस आया था और उसके कुछ सवाल थे। मैंने उसे कुछ बातें बताईं। यह मेरा फर्ज है, और मैंने उसे समझाया कि यह कैसे किया जाना चाहिए। मैं उसे इस शानदार पारी के लिए बधाई देता हूं। अजहर ने यह बताने से इनकार कर दिया कि सवाल क्या थे, यह कहते हुए कि यह बल्लेबाज से पूछा जाना चाहिए। हालांकि, उन्हें लगा कि सरफराज को भारत के लिए चुना जाना चाहिए। उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे भारतीय टीम के लिए चुना जाना चाहिए। उसे मौके नहीं मिल रहे हैं। वह एक आक्रामक बल्लेबाज है और, कई अन्य लोगों के विपरीत, उसे बहुत अधिक अवसर नहीं मिले हैं। उसने हर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। सरफराज ने जो छह टेस्ट खेले हैं, उनमें उन्होंने एक शतक लगाया है। उन्होंने नवम्बर 2024 से भारत के लिए नहीं खेला है। 28 वर्षीय सरफराज, जो मुंबई के बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ हैं, ने खुलासा किया कि मैच से एक दिन पहले बातचीत के दौरान उन्होंने अजहर से क्या सीखा। दोहरे शतक खास होते हैं।

# उत्तर प्रदेश विरासत और विकास की भूमि: जसवंत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास उ.प्र. जसवंत सैनी की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विकास पर आधारित प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया।

जनमंच में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री श्री सैनी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विकास पर आधारित प्रर्दशनी का बडी उत्सुकता एवं जिज्ञासा से अवलोकन किया। संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस हम सबके लिए गौरवशाली एवं प्रेरणादायी दिवस है। उन्होनें कहा कि यह श्री राम और श्री कृष्ण की जन्मभूमि है। यह अवतारों की भूमि है। यह गोतम बुद्ध, महावीर स्वामी, रविदास, लक्ष्मीबाई, मंगल पाण्डेय, चन्द्रशेखर, अटल बिहारी वाजपेयी की भूमि है। उत्तर प्रदेश विचार, संघर्ष एवं अध्यातम की धरती है। उत्तर प्रदेश विरासत और विकास की भूमि है। आज उत्तर प्रदेश नए भारत का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश ने दुनिया में बेहतर कानून व्यवस्था का उदाहरण पेश किया है। इसी के साथ हाईवे, एक्सप्रेसवे, ऐयरपोर्ट, मेट्रो, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए किर्तीमान स्थापित कर रहा है। आज सरकार एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज एवं एक मण्डल एक विश्वविद्यालय की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार, किसानों की आय में बढोत्तरी, गरीबों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध है।

विधायक नगर राजीव गुम्बर ने सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सबसे खुशहाल प्रदेश है। विकास एवं कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है। विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम ने बच्चों द्वारा दी गयी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था रोल मॉडल है। सभी की निगाहें हमारी तरफ है। सहारनपुर विकास की नई धरा को छू रहा है। विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी ने कहा कि आज यूपी भारत का नम्बर वन प्रदेश है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में योगदान देना हम सबका सौभाग्य है। उत्तर प्रदेश अपने बेहतर कार्यों के कारण आज प्रगतिशील राज्य के रूप में जाना जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ग्राम प्रधान चकवाली श्रीमती सविता देवी, ग्राम प्रधान विजना खेडी श्रीमती दीपा चौधरी, ग्राम प्रधान शिकलाना श्रीमती कोमल देवी, ग्राम प्रधान दौलतपुर प्रेमचन्द सैनी, ग्राम प्रधान मनोहरा नितीश कुमार को पुरस्कृत किया गया।

कृषि विभाग से कृषक धन्नजय शर्मा, संयज सैनी, पूनम, चरण सिंह, अजब सिंह, प्रमोद, रविन्द्र कुमार, मदनलाल सैनी, जिला उद्योग केन्द्र से प्रमुख उद्यमी एवं निर्यातकों में श्रीमती शैली साहनी, श्री लोकेश अग्रवाल, मो. सारिक सिद्दकी, दिनेश कुमार, कुलदीप कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग से छात्र शेखर, प्रियांशु, वंशिका, अविका, सिमरन एवं शिक्षक अनुज वर्मा तथा हकीमुद्दीन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, स्टार्टअप व ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश से संबंधित प्रदर्शनिया लगाई गयी।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, नगर आयुक्त शिपु गिरी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजपाल, पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य मेलाराम पंवार सहित जनपद स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारी, सुरेन्द्र चौहान, राकेश शर्मा, पत्रकार बंधु, अध्यापकगण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# सम्मान से नवाजे गए युग नायक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था गौतम प्रतिष्ठान द्वारा समाज निर्माण में सार्थक भूमिका निभाने वाले युग नायकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अपने समय की दिग्गज हस्तियों और वर्तमान में समाज हित में कार्यरत संस्थाओं को मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार लेखक, संपादक भुवेंद्र त्यागी और भाजपा नेता एवं श्री सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया।

रेलवे क्लब सभागार माटुंगा में आयोजित एक समारोह में हॉकी विश्व कप 1975 की विजेता टीम के सदस्य ओलंपियन ओंकार सिंह, बैडमिंटन के थॉमस कप खिलाड़ी और नेशनल चैंपियन इकबाल मैंदर्गी, पद्मश्री और अर्जुन अवॉर्ड विजेता हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया, साठ वर्षों से लगातार अपनी हास्य प्रस्तुति दे रहे हास्य कलाकार के.के. नायकर, वरिष्ठ पत्रकार सुनील सिंह, हास्य कवि आश करण अटल, हिंदी सेवी अशोक कन्नौजिया, रेलवे समाचार के संपादक सुरेश त्रिपाठी को गौतम प्रतिष्ठान द्वारा सम्मानित किया गया। एक सौ वर्षों से भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दे रही संस्था कल्याण गायन समाज, टाटा कैंसर हॉस्पिटल में कैंसर रोगियों के सहायतार्थ कार्य करने वाली संस्था वी-केयर फाउंडेशन, पर्यावरण संरक्षण कार्य में संलग्न युवाओं के समूह ष्चेंज इज असष को भी प्रमुख अतिथियों के साथ ही गौतम प्रतिष्ठान के ट्रस्टी डॉ. मुकेश गौतम, पत्रकार विकास संघ के अध्यक्ष आनंद मिश्रा, पत्रकार अभय मिश्रा, हास्य कलाकार जिम्मी मोजेज के द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में मुकेश गौतम के काव्य संग्रह हरित-अमृत, डॉ. निशा मिश्रा के काव्य संग्रह नन्हे तारे, डॉ.पूजा अलापुरिया के कहानी संग्रह कभी पैसा,तो कभी किताब का विमाचन भी किया गया।

आचार्य पवन त्रिपाठी ने पर्यावरण संरक्षण कार्यों को वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का कम प्रयोग और वृक्ष संरक्षण-संवर्धन समय की जरूरत है। मुख्य अतिथि भुवेंद्र त्यागी ने गौतम प्रतिष्ठान द्वारा सम्मानित किए जाने वाले लोगों और संस्थाओं के कार्यों को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित करने से समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने वन-उपवन और प्रकृति संरक्षण कार्यों को आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। त्यागी जी ने स्वस्थ समाज निर्माण में लोगों की सामूहिक भागीदारी को वर्तमान समय की बड़ी जरूरत बताया।

कार्यक्रम में आर के जैन, गौतम प्रतिष्ठान की ट्रस्टी विमला गौतम, हास्य कलाकार बनवारी झोल, हास्य कवि संजय बंसल, गीतकार रासबिहारी पाण्डेय, आर के पब्लिकेशन के रामकुमार, राजीव मिश्रा पत्रकार अमर त्रिपाठी, रजनीकांत मिश्रा, तुषार भट्टाचार्य, संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार विजेता डॉ. शैलेश श्रीवास्तव, पत्रकार सुनील मेहरोत्रा सहित काफी संख्या में कला, खेल, समाज, साहित्य जगत के लोग उपस्थित रहे। सम्मान समारोह का शानदार संचालन वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

# रालोद में सभी वर्गों का सम्मान: चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह का मुस्लिम समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया।इस दौरान काफी संख्या में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

साहिल खान मोंटी के कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि साहिल खान के राष्ट्रीय लोकदल में आने से उत्तराखंड में पार्टी को बहुत बड़ी ताकत मिलेगी। राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूरों की पार्टी है।हिंदू,मुस्लिम सभी वर्गों का सम्मान रालोद में है।

साहिल खान मोंटी ने कहा कि हमारे पूर्वजों की आस्था हमेशा किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह में रही है। और अब चौधरी साहब की विचारधारा को पूरे उत्तराखंड में गांव गांव पहुंचाएंगे। अपने नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करेंगे।

इस दौरान खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत चौधरी, जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी, हरेंद्र राणा, चौधरी भूरा, चौधरी आबिद, चौधरी नईम, मास्टर हमीद, कय्यूम, काजी खालिद, राव इलियास, इंतजार गुर्जर, आसिफ मलिक, इरशाद मलिक, शकील शेख, हाशिम अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# तीन तलाक देने पर पति सहित ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने दहेज ना लाने पर अपनी बेटी के साथ मारपीट किए जाने एवं पति द्वारा तीन तलाक देने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने आरोपी पति सहित महिला के ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी सोबान पुत्र शहीद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी आलीशा की शादी विगत 25 अक्टूबर 2025 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ बेहट कोतवाली क्षेत्र के गांव संसारपुर निवासी कादिर पुत्र असलम के साथ की थी। शादी मे अपनी हैसियत के हिसाब से काफी दहेज भी दिया था सोबान ने बताया कि शादी के बाद ससुराल पक्ष मेरी बेटी को ओर दहेज लाने के बारे में कहने लगा। जब उसने मना किया तो उसके पति एवं ससुराल पक्ष के लोगो ने उसके साथ मारपीट करने लगे। दहेज ना लाने पर मेरी बेटी की सास जुलेखा पत्नी असलम,ननद आसमा,देवर अकरम उसकी पत्नी खुशनसीब, तरन्नुम पत्नी अशरफ ने मेरा साथ मारपीट करते हुए एक कमरे में बंद कर दिया। मेरे पति कादिर ने सभी के सामने तीन बार तलाक दे दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

**गंगोह।** सर्राफा बाजार एसोशिएसन के लिए वरूण गर्ग अध्यक्ष व राजेश काका सचिव सर्वसम्मति से चुने गये। इनके अलावा अर्पित गोयल व रमेश चंद्र वर्मा उपाध्यक्ष, नीरज गर्ग व नवाब सह सचिव व नितिन गर्ग कोषाध्यक्ष और शिवम गर्ग अंकेक्षक चुने गये। चुनाव अमित कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। चुनाव उपरान्त सभा मे बाजार की सुरक्षा और सोना, चांदी के बढते भाव पर विचार विर्मश किया गया।

## चाइनीज मांझे से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रतिबंधित चाइनीस मांझे की चपेट में आने से आज एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार दिल्ली रोड स्थित पैरामाउंट ट्यूलिप आवासीय कॉलोनी के निकट चक हारथी निवासी शौकीन अपनी पत्नी के साथ जा रहे थे। इसी दौरान अचानक चाइनीस मांझा उनकी नाक में फंस गया, जिससे नाक बुरी तरह जख्मी हो गई और खून बहने लगा। मौके से गुजर रहे रोशनी आई बैंक के कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को प्राथमिक सहायता दी और जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा घायल की नाक में पांच टांके लगाए गए। उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया। घटना के बाद एक बार फिर प्रतिबंध के बावजूद चाइनीस मांझे की बिक्री जारी होने का मामला सामने आया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक प्रयासों के बावजूद चाइनीस मांझे की अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

# जल संरक्षण पर निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर जल संरक्षण अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गौरव मिश्रा ने स्वयंसेवकों को जल संरक्षण की आवश्यकता और उसके दीर्घकालिक महत्व से गहन रूप से अवगत कराया। वरिष्ठ अध्यापक कवेर सेन गर्ग ने भी जल बचाने के उपायों पर प्रेरक विचार रखे। इस अवसर पर शिविर स्थल के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी जल संरक्षण विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी सलीम मोहम्मद ने बताया कि भारत विश्व की कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा रखता है, जबकि देश के पास केवल 4 प्रतिशत वैश्विक ताजे जल संसाधन उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी सलीम मोहम्मद ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# शुरू न हो कोई भी नई परम्परा: मुनीश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** आगामी पर्व शब ए बारात व श्री गुरु रविदास जयंती शोभायात्रा को दृष्टिगत रखते हुए फतेहपुर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक सीओ सदर मुनीश चन्द्र की मौजूदगी में आयोजित की गई सीओ मुनीश चन्द्र ने नई परंपरा शुरू करने पर रोक लगाने के निर्देश दिए

शनिवार को थाना परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सदर मुनीश चन्द्र ने कहा कि आगामी त्यौहारों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाए त्यौहारों पर कोई भी नई परंपरा शुरू न हो सीओ मुनीश चन्द्र ने आह्वान किया कि रविदास जयंती एवं शबे बरात का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस का प्रशासन का सहयोग करें सीओ मुनीश चन्द्र कहा कि त्यौहारो को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं

माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा सीओ सदर मुनीश चन्द्र ने कठिन निर्देश दिए हैं कि किसी को भी नई परंपरा की शुरुआत करने नहीं दी जाएगी सीओ सदर ने कहा कि हम महापुरुषों की जयंती मना रहे हैं उनके ही बताये हुए मार्ग पर चले डीजी पर कोई भी जाति सूचक गीत न बजायें।

बैठक में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसएसआई भूपेन्द्र शर्मा बड़कला चौकी इंचार्ज मशकूर त्यागी उपनिरीक्षक विजय पाल सिंह महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश राठौर महिला हैड कांस्टेबल बबीता महिला कांस्टेबल प्रीति हैड कांस्टेबल प्रदीप कुमार हेड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद हेड कांस्टेबल विपिन पाठक बैठक में क्षेत्र के सभी गांव के आयोजक व ग्राम प्रधान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# बदहाल सड़क से जीना मुहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकास खंड, पुंवारका की ग्राम पंचायत कमेशपुर में सड़कों की बदहाली ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है ग्रामीणो का कहना है कि सड़कों की जर्जर हालत के कारण न केवल दैनिक आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चे भी मजबूर हैं। कीचड़ और गड्ढों भरी सड़कों ने ग्रामीणों का जीवन दूभर कर दिया है।

सलीम अहमद जैसे ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने ग्राम प्रधान से बार-बार सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन प्रधान का कहना है कि यह काम उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है ग्रामीणो का गुस्सा इस बात पर है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता अब उनकी समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य और ब्लॉक प्रमुख तक उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे ग्रामीण ग्रामवासी सलीम अहमद नवेद अहमद जावेद अहमद मौ अजवद हाजी मौ. दिलशाद मौ तबरेज डा. नफीस सरफराज आजम शहजाद अहमद जैसे लोगों ने एकजुट होकर चेतावनी दी है कि यदि सड़कों का निर्माण जल्द नहीं हुआ तो इसका जवाब आगामी चुनाव में दिया जाएगा ग्रामीणों की यह मांग अब केवल सड़क तक सीमित नहीं, बल्कि यह उनकी उपेक्षा के खिलाफ एक आक्रोश बन चुकी है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के लिए यह एक चेतावनी है कि जनता की आवाज को अनसुना करना भारी पड़ सकता है।

## एक दिन की बारिश ने जल निकासी की खोली पोल

**गंगोह।** एक दिन की बारिश ने नगर की जलनिकासी व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है।

वाल्मीकि मंदिर व हनुमान मंदिर के बीच स्थित मेन सड़क पर पानी भरने और गहरे गड्ढे होने से कई बाइक व ई-रिक्शा पलट गए और कई लोग घायल हो गये। इससे दुकानदारों में भारी नाराजगी नजर आई, दुकानदारों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार गंगोह नगरपालिका में शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसके विपरीत हादसों की खबर लगते ही रालोद नेता हाजी सलीम कुरैशी ने मौके परपहुंचकर पानी निकासी की मशीन मंगवाई और निजी खर्च से गड्ढों में कंक्रीट भरवाकर अस्थायी राहत दिलाई। इस दौरान उनके साथ कई सभासद व लोग मौजूद रहे।

# चौथे दिन भी जारी रही मतदाताओं की सुनवाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी थी, उनकी सुनवाई तहसील मुख्यालय में चौथे दिन भी जारी रही। सुनवाई के दिन बूथों पर मतदाताओं का जमावड़ा लगा रहा।

तहसीलमुख्यालय में सुनवाई प्रक्रिया निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुई। उनके साथ गठित 6 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार विजय कुमार नायब तहसीलदार भूपेंद्र कुमार देवेन्द्र कुमार प्रजापति की टीम ने विभिन्न प्रकरणों की जांच की। अधिकारियों ने बने बूथों पर मतदाताओं के प्रपत्रों की गहनता से जांच की गई और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर अधिकांश मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसआईआर अभियान के तहत जिन मतदाताओं की मैपिंग पूर्व में नहीं हो सकी थी, उन्हें अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी के माध्यम से पहचान स्थापित करने का अवसर दिया गया। अधिकारियों ने दस्तावेजों की विधिवत जांच के बाद ही मैपिंग से संबंधित निर्णय लिए, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता बनी रहे एस डी एम ने मतदाताओं से अपील की वे निर्धारित तिथि पर समय से उपस्थित होकर अपने सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाए। इस दौरान पराजेंद्र कुमार मनीष कुमार राजू सहित, स्टाफ मौजूद रहे।

## तिरंगा की बिक्री जोरों पर

**गंगोह।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लेकर क्षेत्र के बाजारों में तिरंगा झंडों की बिक्री जोरों पर है।

चौक चौराहों और प्रमुख बाजारों में दुकानों पर तिरंगे, टोपी, बैज और अन्य देशभक्ति सामग्री सजी हुई नजर आ रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में राष्ट्रीय पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दुकानदारों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस से पहले तिरंगे की मांग बढ़ गई है। स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों द्वारा कार्यक्रमों की तैयारियां तेज कर दी गई हैं, वहीं लोग अपने घरों, दुकानों और वाहनों पर तिरंगा लगाकर देशभक्ति का संदेश दे रहे हैं। बाजारों में बढ़ी रौनक और तिरंगे की बढ़ती बिक्री यह दर्शाती है कि लोगों के दिलों में देश के प्रति प्रेम और सम्मान आज भी पूरी मजबूती से कायम है।

# संवेदनशील गांव चालाकपुर पहुंचे एसपी सिटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एसपी सिटी व्योम बिंदल ने आगामी पर्व श्री गुरु रविदास जयंती शोभायात्रा को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र के अति संवेदनशील माने जाने वाले गांव चालाकपुर का दौरा किया है। उन्होंने गांव के जिम्मेदार लोगों से संवाद स्थापित कर त्यौहार पर कोई भी नई परम्परा शुरू न करने तथा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की हिदायत की।

बतातें चले कि क्षेत्र के ग्राम चालाकपुर में वर्ष 2022 में रविदास जयंती शोभायात्रा निकाले जाने को लेकर दो अलग अलग समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। उच्च अधिकारियों द्वारा दोनों समुदाय के लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया था। जिसके पश्चात वर्ष 2023 में तत्कालीन थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय व वर्ष 2024 तथा 2025 मे थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव के नेतृत्व में गांव में शांतिपूर्ण रूप से रविदास जयंती शोभायात्रा निकाली गई थी।

पूर्व में शोभायात्रा को लेकर हुए विवाद के चलते इस गांव को अति संवेनदनशील श्रेणी में रखा गया था। गांव में शांतिपूर्ण रूप से आगामी त्यौहार मनवाए जाने के दृष्टिगत आज शनिवार को एसपी सिटी ने पुलिस बल के साथ यहां पहुंचकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाजी शराफत व एवं दोनों समुदाय के जिम्मेदार लोगो से संवाद स्थापित कर त्यौयहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाने की हिदायत की। इस दौरान उन्होंने कहा है कि गांव मे परंपरागत तरीके से ही त्यौहार मनाया जाए। परमिशन वाले मार्ग से ही यात्रा निकाली जाए। उन्होने कड़ी चेतावनी भी दी है कि यदि किसी भी शरारती तत्व द्वारा आगामी त्यौहार पर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार, महिला एसआई सुमन, एसआई रो. हताश व मुस्तकीम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका!

## अमेरिकी वित्तमंत्री बोले: भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका सरकार की बड़ी जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पालिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है।

बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25 प्रतिशत टैरिफ



■ पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया
■ ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था

लगाया गया। ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था। बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरी. दकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है। बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500 प्रतिशत टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगा जा सकता है, जो रुस का तेल खरीदते हैं। बेसेंट ने कहा कि 500 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून (आईईईपीए) के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं। अमेरिका, पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए भारत समेत कई देशों से कह रहा है कि वे रूस से तेल खरीद बंद करें। भारत ने इस दबाव को गलत और अनुचित बताया है और कहा है कि उसकी एनर्जी पालिसी देश के हितों के हिंसाब से तय होती है। पिछले हफ्ते दावोस में भी बेसेंट ने फाक्स न्यूज से कहा था कि ट्रम्प के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत ने तेल की खरीद काफी कम कर दी थी और अब लगभग बंद कर दी है। कुछ हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत की कुछ निजी कंपनियों ने रूस से तेल इंपोर्ट कम किया है, लेकिन भारत सरकार का कहना है कि रूस से तेल की खरीद जारी है। दिसम्बर 2025 में भारत रूस से तेल खरीदने में तीसरे नंबर पर आ गया। तुर्की दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तुर्की ने 2.6 बिलियन यूरो का तेल खरीदा। भारत ने दिसम्बर में रूस से 2.3 बिलियन यूरो यानी लगभग 23000 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। नवम्बर में भारत ने 3.3 बिलियन यूरो यानी करीब 34700 करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। चीन अब भी सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, उसने दिसम्बर में रूस से 6 बिलियन यूरो यानी करीब 63100 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। भारत की खरीद कम होने की सबसे बड़ी वजह रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी ने रूस से तेल खरीद करीब आधी कर दी।



**जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले के वानपोह के पास गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।**

## दक्षिण कोलंबिया में धमाके से सात की मौत, आठ लोग घायल

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिणी नारिनो प्रांत के टुमाको के एक ग्रामीण इलाके में विस्फोट होने से सात लोग मारे गए जबकि आठ से ज्यादा घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट गुरुवार देर रात लोरेंटे जिले के एक गांव में हुआ, जो टुमाको से लगभग 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। नारिनो के गवर्नर लुइस अल्फोंसो एस्कोबार ने कहा कि विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह घटना सशस्त्र संघर्ष से संबंधित नहीं थी।

## अमेरिका में रखे स्वर्ण भंडार को वापस लाए बर्लिन, जर्मन सांसद ने जताई चिंता

**बर्लिन।** जर्मनी की एक सांसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अनिश्चित और अप्रत्याशित' नीतियों का हवाला देते हुए अमेरिका में रखे देश के स्वर्ण भंडार को स्वदेश वापस लाने की मांग की है। जर्मनी की फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी (एफडीपी) की सांसद मैरी-एग्नेस स्ट्रैक-जिम्मरमैन ने जर्मन पत्रिका डेर पीगल से कहा कि बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच स्वर्ण भंडार को अमेरिका में रखना अब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भंडार की वापसी से जर्मनी की आर्थिक और सुरक्षा नीति में संप्रभुता मजबूत होगी। सुस्ट्रैक-जिम्मरमैन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में यह कदम रणनीतिक जोखिम को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में और राष्ट्रपति ट्रम्प की अप्रत्याशित अमेरिकी नीतियों के तहत यह अब स्वीकार्य नहीं है कि 1230 टन से अधिक की कीमत के जर्मनी के लगभग 37 प्रतिशत स्वर्ण भंडार न्यूयॉर्क में रखे जाएं। जर्मनी का केंद्रीय बैंक बुंडेसबैंक वर्तमान में न्यूयॉर्क स्थित अमे. रिकी केंद्रीय रिजर्व में 1236 टन सोना रखता है, जिसकी कीमत लगभग 178 अरब डॉलर आंकी गई है।

# ईरान पर हमला करने की तैयारी में अमेरिका!

## तेजी से बढ़ रहा जंगी बेड़ा, ईरानी नेता बोले: खाड़ी के सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस हमारे निशाने पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ऐसे सैन्य विकल्पों की मांग की है, जिनका असर 'निर्णायक' हो। रक्षा मंत्रालय पेंटागन और व्हाइट हाउस ने इन पर काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ईरानी शासन को सत्ता से हटाने की योजना भी शामिल है।



■ हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं, ईरानी सुप्रीम काउंसिल ने रुख साफ किया

दूसरी तरफ आज अमेरिकी जंगी बेडा यूएस अब्राहम लिंकन भी मिडिल ईस्ट पहुंच सकता है। इसके चलते आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान पर कोई अचानक सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमे. रिकी गतिविधियों के जवाब में ईरानी सुप्रीम काउंसिल के जावेद अकबरी ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सभी सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर हैं। हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिकी जंगी जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनसीओएम) के जोन में आ चुका है। साथ ही अमेरिका का सी 37-बी एयरक्राफ्ट भी ईरान के उत्तर में तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद बेस पहुंच गया है। यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले साउथ चाइना सी में तैनात था। 18 जनवरी को यह मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर में दाखिल हुआ। यूएसएस अब्राहम लिंकन 20 नाट से ज्यादा की रफ्तार से आगे बढ़ा और बाद में अपनी लोकेशन छिपाने के लिए आटोमैटिक पहचान सिस्टम बंद कर दिया। इसी रफ्तार से चलने पर आज मिडिल ईस्ट में पहुंच सकता है। अब्राहम लिंकन के साथ कई डिस्ट्रायर जहाज और न्यूक्लियर पनडुब्बियां भी चल रही हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर पर 48 से 60 एफ/ए-18 फाइटर जेट मौजूद हैं। ए बिना ईंधन भरे 2300 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकते हैं। यूएसएस एयरफोर्स ने जार्डन में कम से कम 12 एफ-15 फाइटर जेट्स तैनात किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि और विमान भी रास्ते में हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच अमेरिकी सी-17 सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान कई बार जार्डन के मफराक अल-खवाजा एयरबेस पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों से पैट्रियट-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लाए गए हैं। इनका मकसद इजरायल को ईरान की जवाबी कार्रवाई से बचाना है, क्योंकि तेहरान पहले ही बदले की धमकी दे चुका है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लगातार कार्गो विमान उतर रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका संभावित सैन्य आप. रेशन के लिए रसद और सैनिकों की तैनाती कर रहा है। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि मिडिल ईस्ट में अतिरिक्त एयर-डिफेंस सिस्टम तैनात करने पर भी विचार चल रहा है, ताकि इलाके में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ईरान के संभावित हमले से बचाया जा सके। एक वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारी जनरल अली अब्दोल्लाही अलीअबादी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो मिडिल ईस्ट में उसके सभी सैन्य अड्डे और इजराल के केंद्र ईरान के निशाने पर होंगे। दूसरी तरफ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के कमांडर ने मोहम्मद पाकपुर ने कहा कि उनकी सेना की उंगली ट्रिगर पर है। गुरुवार को एक लिखित बयान में पाकपुर ने कहा कि ईरान की सेना पहले से ज्यादा तैयार है। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकात ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने इजरायल के खिलाफ फिर से कोई हमला किया, तो उसे पहले से 'सात गुना ज्यादा ताकत' से जवाब दिया जाएगा।

## कनाडा को खा जाएगा चीन: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाने का प्रस्ताव ठुकराने के लिए कनाडा की आलोचना करते हुए कहा है कि चीन उनके देश को 'खा सकता' है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक पोस्ट में कहा कि कनाडा ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम बनाने का विरोध कर रहा है, हालांकि यह कनाडा की रक्षा करेगा। इसके बजाए, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने का फैसला किया है जो उन्हें पहले ही साल में खा जाएगा। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने भाषण में कहा था कि 'नियम-आधारित व्यवस्था' लुप्त होती जा रही है। उन्होंने यहां चीन के साथ सात अरब डॉलर के एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ हटाना भी शामिल था। इस बीच, ट्रम्प ने दावोस में अपने भाषण के दौरान कहा था कि कनाडा अमेरिका की वजह से जदि है। यह याद रखना, मार्क, अगली बार जब तुम बयान दो।

# जॉर्जिया में घरेलू हिंसा गोलीबारी, भारतीय मूल के चार लोगों की हत्या

**लॉरेंसविले।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के ग्विनेट काउंटी में एक दिल दहला देने वाली घटना में पारिवारिक विवाद के बाद हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के चार युवाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार तड़के हुई इस वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।

■ वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर जान बचाई

फॉक्स मीडिया ने बताया कि ग्विनेट काउंटी पुलिस विभाग को तड़के लगभग 2:30 बजे ब्रुक आइवी कोर्ट स्थित एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों को घर के अंदर चार वयस्कों के शव मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस ने मृतकों की पहचान विजय कुमार की पत्नी मीमू डोगरा (43), गौरव कुमार (33), निधि चंदर (37) और हरीश चंदर (38) के रूप में की है। जांचकर्ताओं के अनुसार मुख्य आरोपी विजय कुमार (51) का पत्नी मीमू डोगरा के साथ अटलांटा स्थित उनके घर पर विवाद हुआ था। इसके बाद वे अपने 12 वर्षीय बच्चे के साथ लॉरेंसविले स्थित इस घर में पहुंचे, जहां उनके रिश्तेदार गौरव, निधि और हरीश दो अन्य बच्चों (उम्र सात और दस वर्ष) के साथ रहते थे। वहां पहुंचने के बाद भी विवाद नहीं थमा और विजय ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियां चलते देख तीनों बच्चे अपनी जान बचाने के लिए एक अलमारी के पीछे छिप गए और सबसे बड़े 12 वर्षीय बच्चे ने 911 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। जब पुलिस पहुंची, तो उसने पाया कि आरोपी का वाहन वहीं मौजूद था। पुलिस ने श्वान दल की मदद से आरोपी को पास के जंगल से बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया। गनीमत रही इस घटना में बच्चों को कोई चोट नहीं आई और उन्हें परिवार के एक सदस्य को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी विजय पर हत्या, गंभीर हमले और बच्चों के प्रति क्रूरता सहित कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस घर से पहले भी पुलिस सहायता के लिए कॉल की गई थीं।

# अफगान जंग पर ट्रम्प के बयान से नाराज यूरोपीय देश

## ट्रम्प बोले थे: नाटो अफगान में लड़ाई से दूर रहा, ब्रिटिश पीएम बोले: यह सैनिकों का अपमान

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अफगानिस्तान में यूरोपीय सैनिकों के बारे में दिए गए बयान को अपमानजनक और चौंकाने वाला बताया है। ट्रम्प ने फाक्स नेटवर्क के एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका को कभी नाटो गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ी और यूरोपीय सहयोगी अफगानिस्तान में फ्रंट लाइन्स से पीछे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि सहयोगी देशों ने कुछ सैनिक भेजे जरूर थे, लेकिन वे मुख्य लड़ाई से दूर रहे। इस बयान पर यूरोपीय देशों के नेताओं, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों ने ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी जताई।

स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रम्प के इन बयानों को अपमानजनक मानता हूं। इससे उन लोगों के परिजनों को बहुत दुख पहुंचा है जिन्होंने अफगानिस्तान में अपनी जान गंवाई या घायल हुए। उन्होंने आगे कहा कि अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते। ब्रिटेन ने

■ अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते: कीर



अफगानिस्तान युद्ध में 457 सैनिक खोए, जो 1950 के दशक के बाद सबसे घातक विदेशी युद्ध था। ब्रिटिश प्रिंस हैरी ने कहा कि नाटो सैनिकों के बलिदान को सच्चाई और सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, श्मैं वहां सेवा दे चुका हूं। मैंने आजीवन दोस्त बनाए और कई दोस्त खोए भी। प्रिंस हैरी ब्रिटेन के राजा चार्ल्स प्प्प के छोटे बेटे हैं और वे वेल्स के प्रिंस विलियम के छोटे भाई हैं। वे डड्यूक ऑफ ससेक्स के खिताब से जाने जाते हैं। प्रिंस हैरी ब्रिटिश आर्मी में सेवा दे चुके हैं, वे दो बार अफगानिस्तान में तैनात हुए थे। प्रिंस हैरी अपाचे हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। अफगानिस्तान युद्ध में उनकी सेवा काफी चर्चित रही और उन्होंने कई बार कहा है कि सेना ने उन्हें एक बड़ा मकसद दिया था। प्रिंस हैरी ने एक बयान जारी कर कहा कि नाटो के सैनिकों ने अनुच्छेद 5 के आह्वान पर जवाब दिया था। इन सैनिकों के बलिदानों को सच्चाई और सम्मान के साथ बोला जाना चाहिए। यूरा. पीय देश बोले: हमने साथ मिलकर लड़ाई की, इसे नहीं भुलाया जा सकता डच विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ट्रम्प के बयान को झूठा बताया। पोलैंड के पूर्व विशेष बल कमांडर और रिटायर्ड जनरल रोमन पोल्को ने कहा कि ट्रम्प ने हद पार कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने इस गठबंधन के लिए खून बहाया, अपनी जानें दीं। हमने साथ मिलकर लड़ाई की लेकिन सभी घर नहीं लौटे। पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव को. सिनियाक-कामिश ने कहा कि पोलैंड के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## ड्रग्स मिलने के बाद तीन ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने थाईलैंड से 42 किलोग्राम अवैध ड्रग्स की तस्करी के प्रयास के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि शुक्रवार को थाईलैंड से आ रही उड़ान से सिडनी हवाई अड्डे पर पहुंचते ही अधिकारियों ने तीन लोगों को रोक लिया। बाद में उनके सामान की तलाशी में कथित तौर पर अलग-अलग पैकेट में लिपटी हुई सफेद रंग की ईंटें मिलीं, जिनकी जांच में मेथम्फेटामाइन और हेरो. इन की पुष्टि हुई। एएफपी अधिकारियों ने 34 किलोग्राम हेरोइन और आठ किलोग्राम मेथम्फेटामाइन जब्त की।

# ईरान ने की यूरोपीय संसद के 'हस्तक्षेपकारी गैर जिम्मेदार' प्रस्ताव की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को हालिया अशांति के दौरान मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर ईरानी शासन की आलोचना करने वाले यूरोपीय संसद के प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए उसे 'हस्तक्षेपकारी और गैर-जिम्मेदार' करार दिया।

यूरोपीय संसद ने गुरुवार को ईरानी जनता के प्रति 'पूर्ण एकजुटता' व्यक्त करते हुए ईरान सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों का आरोप लगाया था और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का आह्वान किया था। ईरान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है।

■ यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है

बयान में यूरोपीय संघ द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के समर्थन, अमेरिकी अवैध प्रतिबंधों के पालन और इजरायल के साथ कथित सैन्य कार्रवाइयों में मिलीभगत का हवाला दिया गया। ईरान ने कहा कि क्रूर प्रतिबंधों का समर्थन करने, ईरान पर अमेरिका के अवैध प्रतिबंधों का पालन करने और जून में देश के खिलाफ सैन्य आक्रामकता में इजरायल की कथित भूमिका के साथ खड़े रहने के कारण यूरोपीय संसद को मानवाधिकारों पर उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। बयान में कहा गया कि ईरान अपने नागरिकों की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए बाध्य है तथा किसी भी आतंकवादी कृत्य या विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ आवश्यक कदम उठाएगा। ईरान ने चेतावनी दी कि उसकी सशस्त्र और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ किसी भी 'अवैध और हस्तक्षेपकारी' निर्णय या रुख के जवाब में वह प्रतिकारात्मक कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि 28 दिसम्बर को ईरान के कई शहरों में रियाल मुद्रा के तेज अवमूल्यन के विरोध में प्रदर्शन शुरू हुए थे। ईरानी सरकार ने आर्थिक शिकायतों के समाधान की इच्छा जताई थी, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और अशांति के खिलाफ चेतावनी भी दी थी। प्रारंभ में शांतिपूर्ण रहे ए प्रदर्शन धीरे-धीरे हिसक हो गए, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ।

## तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्मकार अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' एक ऐसा सवाल उठाती है, जो हर दिन हमारे सामने होता है, लेकिन जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं।

मोशन पोस्टर के जरिए जैसे-जैसे फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आ रही है, वैसे-वैसे इसके इरादे पूरी तरह स्पष्ट होते जा रहे हैं। टी-सीरीज, अपनी विविधतापूर्ण फिल्मोग्राफी में 'अस्सी' के जरिए एक नया रंग जोड़ता है। बनारस मीडिया वर्क्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। उनके साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, जीशान अय्यूब अहम भूमिकाओं में हैं, जबकि नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा भार्गव विशेष भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म 'अस्सी' एक बेबाक और सघन इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर है, जो एक तीव्र और प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा के जरिए सामने आती है। फिल्म खत्म होने के बाद मन में सवाल रह जाता है कि क्या मुझे यह पहले नहीं पता था, या फिर पता होते हुए भी मैंने नजर. अंदाज कर दिया। न्याय जरूरी है, लेकिन उससे पहले न्याय की परिभाषा तय होनी चाहिए। क्या दोषी साबित किए गए लोग ही असली गुनहगार हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत और बनारस मीडियावर्क्स प्रोडक्शन की फिल्म 'अस्सी' को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने निर्मित किया है।

# अमेरिका के 18 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

## इमरजेंसी घोषित, 20 करोड़ लोगों पर संकट, 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 18 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दी गई है। वहीं दो दिनों में 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रासरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुक. ानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और



कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3200 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 4800 से उड़ानें रद्द हुईं। अमेरिका में बर्फीले तूफान के कारण 15 राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वाशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयार्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी। सदर्न राकीज और प्लेन्स से लेकर मिड-अटलांटिक होते हुए नार्थ-ईस्ट तक भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। एनडब्ल्यूएस के अनुसार, कोलोराडो से लेकर वेस्ट वर्जीनिया और बोस्टन तक कई इलाकों में 12 इंट से ज्यादा बर्फ पड़ सकती है। न्यूयार्क शहर के आसपास के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह से सोमवार तक 10 से 14 इंच बर्फबारी हो सकती है और 30 मील प्रति घंटे की हवाएं चल सकती हैं। दक्षिण-पूर्वी अमे. रिका के बड़े हिस्से में भी जमने वाली ठंड होगी। अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लाकवाइज (घड़ी की उलटी दिशा) बहती हैं।

# जापान में निचला सदन भंग करने की विपक्ष ने की आलोचना

**टोक्यो।** जापान की कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची द्वारा निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) को भंग किए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इस कदम का कोई 'औचित्य' नहीं है।

जापान के निचले सदन को शुक्रवार को औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। यह पिछले 60 वर्षों में पहली बार है, जब संसद के नियमित सत्र की शुरुआत के दिन ही निचले सदन को भंग कर दिया गया है। जापान की संसद का सामान्य सत्र शुक्रवार को ही शुरू हुआ था, जिसमें अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026 के प्रारंभिक बजट पर चर्चा और उसे पारित करना प्रमुख कार्यसूची में शामिल था। निचले सदन को भंग किए जाने से बजट समीक्षा प्रक्रिया में उल्लेखनीय देरी की आशंका जताई जा रही है। क्योदो न्यूज के अनुसार, नवगठित प्रमुख विपक्षी दल सेंट्रिस्ट रिफॉर्म अलायंस के सह-नेता योशिहिको नोदा ने कहा कि जब देश गंभीर और तात्कालिक समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में सदन भंग करने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि मुझे निचले संद को भंग करने का कोई ठोस कारण नजर नहीं आता। डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के प्रमुख युइचिरो तमाकी ने कहा कि यह 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' है कि अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करके निचला सदन भंग कर दिया गया है।


सभी देश वासियों को
गणतंत्र दिवस की
दिली मुबारकबाद
शमा परवीन
चेयरमैन
नगर पंचायत
छुटमलपुर
नावेद अहमद
ठेकेदार
नगर पंचायत
छुटमलपुर


देशवासियों को गणतंत्र दिवस की दिली मुबारकबाद
जुनैद असगर
सभासद
अमीर आलम
सभासद


गणतंत्र
दिवस 2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभय सिंह राणा
वरिष्ठ भाजपा नेता, सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप गुप्ता
मंडल महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी
मंडल बेहट (सहारनपुर)
एवं पूर्व प्रधान ग्राम
पंचायत लतीफपुर
भूड (सहारनपुर)


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी
रामकुमार
(ग्रामप्रधान)
ग्राम पंचायत बरथा
कोरसी, विकास खंड
साढौली कदीम तहसील
बेहट (सहारनपुर)


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द सिंह
राणा
भाजपा युवा मोर्चा
जिला उपाध्यक्ष व
डीसीडीएफ डायरेक्टर


गणतंत्र
दिवस 2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
संजय गर्ग
सचिन गर्ग


NHH
नोवस हर्बल हॉस्पिटल
शुद्ध प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से तैयार औषधियों द्वारा उपचार।
पेट सम्बन्धी रोग
अपच
गैस का बनना
बदहजमी
पेट का फूलना
पेट मे दुखन ऐंठन
पेट दर्द
IBS - पुराने दस्त
पुराना कब्ज
भूख ना लगना आदि
शरीर सम्बन्धी दर्द
गठिया
बाय
जोडो का दर्द
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
चक्कर आना
घुटनो का दर्द
माइग्रेन
पुराना सिर दर्द
डिस्क का दर्द
नसो, मासपेशियो में जकड़न
कमर दर्द
घुटनो का दर्द
100% प्राकृतिक उपचार
डॉ. सैफ़ निज़ामी
9719491800
novusherbalhospital@gmail.com
निकट विश्वकर्मा चौक, बाईपास तिराहा, कस्बा नकुड़, जिला सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश पुण्डीर
चैयरमेन
कोपरेटिव सहकारी समिति
बेहडा संदल सिंह


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
शायान
अहमद
सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय चौधरी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर बडकला,
ब्लाक साढौली कदीम, तहसील बेहट


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज पुण्डीर
वरिष्ठ समाजसेवी व
ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि
मुजफ्फराबाद


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
अब्दुल हसीब
नगर पंचायत
चेयरमैन प्रत्याशी
छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
राव मुर्तजा
छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. राव अजहर अली
डायरेक्टर
90588 08018
डा. राव आमिर
डायरेक्टर
राव सफदर जंग हॉस्पिटल देहरादून रोड़ छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता वैष्णव
भाजपा सभासद वार्ड 09
नगर पंचायत छुटमलपुर
भूपेंद्र वैष्णव
सभासद प्रतिनिधि


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
फैजान
प्रधान ग्राम पंचायत नानका
विकास खंड पुंवारका
जनपद सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मिथिलेश राठौर
महिला उपनिरीक्षक
थाना फतेहपुर
जनपद सहारनपुर


गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक बधाई
स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड
STAR BRAND
DUNCAN GOENKA
सहारनपुर-247001 (उ.प्र.), दूरभाष: 0132-2714101-10 (30 Channels)
9720108126, 9720108127, 9720304447, 9720304437
फैक्स: +91-132-2714225, ई.मेल: star.sre@starpapers.com


एस एस हेल्थ सेन्टर
सभी देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. सुमित शर्मा
पठेड, सहारनपुर


सभी देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश सैनी
वरिष्ठ लिपिक नगर
पालिका परिषद नकुड
सहारनपुर


क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र
दिवस की
दिली
मुबारकबाद
शाहिन नौशाद
प्रथम पार्षद वार्ड 63,
नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
देव कुमार
सीओ डूडा विभाग, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
सुहैल ठेकेदार


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
हाजी नासिर
वरिष्ठ समाजसेवी, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
खुशनुमा नूर आलम
पार्षद वार्ड 64 नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की
शुभकामनाएं
शाहरुख
राव
मण्डी ठेकेदार


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
विनोद कुमार (अध्यक्ष)
मण्डी वर्कर्स यूनियन, सहारनपुर


With Best Compliments From: Happy Republic Day
BRIJ SERVICE STATION
Ambala Road, Saharanpur-247001 (U.P.)
BRIJ BHUSHAN FILLING STATION
Bus Stand, Nakur (Distt. Saharanpur) 247342 (U.P.)
DEALERS: HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD.


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
सफाई नायक, नगर निगम


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
मो. एहतमाम
समाजसेवी- सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की
शुभकामनाएं
लियाकत
अली
सीएलटीसी


गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं
राजकुमार
मुजफ्फरनगर वाले


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सुमन भारती
मण्डी सचिव, सहारनपुर।


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
शाहगुल गुलजेब खान
पार्षद वार्ड 63 नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सन्तोष कुमार
मैनेजर डूडा विभाग, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
बृजमोहन
सफाई नायक नगर निगम सहारनपुर